तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 23 जुलाई, 2025




10 ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेसियों ने दो घंटे रोके रखा स्टेट और नेशनल हाईवे



11 रिसाली के 4 वार्ड में टैक्स वसूलना था 2.06 करोड़, हो रही थी 1.63 करोड़ की वसूली




2011 से संचालित
शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in


# रिसाली, भिलाई तीन, पावरहाउस में झमाझम बारिश, सुपेला और दुर्ग में फुहारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

## सिस्टम कमजोर इसलिए बनने लगे हैं खंड वर्षा के हालात

सावन में खंड वर्षा की स्थिति देखने मिल रही। मंगलवार की सुबह यह हालात ट्विनसिटी के लोगों ने देखा। सुबह 9 बजे से रिसाली, मरोदा और उतई क्षेत्र में जबर्दस्त बारिश हुई। भिलाई तीन चरोदा से पावर हाउस तक यही स्थिति रही। सुबह 11 बजे तक इन क्षेत्रों में इतनी तेज बारिश थी कि रेनकोट पहने वाले भी रूक कर बारिश कम होने का इंतजार करते मिले। वहीं इस समय पर सुपेला और दुर्ग में सूखे की स्थिति बनी रही। करीब पौन घंटे के बाद सुपेला व दुर्ग में भी बारिश शुरू हो गई लेकिन वैसी तेज बारिश नहीं थी जैसे रिसाली- मरोदा क्षेत्र में हुई।



### दुर्ग, अहिवारा व बोरी तहसील में बारिश नहीं

जिले में 1 जून 2025 से 22 जुलाई 2025 तक 373.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 474.0 मिमी अहिवारा तहसील में तथा न्यूनतम 307.4 मिमी. तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील बोरी में 311.0 मिमी, तहसील पाटन में 462.5 मिमी, तहसील भिलाई-3 में 310.2 मिमी और तहसील दुर्ग में 374.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 22 जुलाई 2025 को तहसील दुर्ग में 0.0 मिमी, तहसील धमधा में 6.0 मिमी, तहसील पाटन में 18.4 मिमी, तहसील बोरी में 2.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 2.8 मिमी और तहसील अहिवारा में 0.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### 26 से तीन दिनों तक भारी वर्षा

मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दो दिनों के बाद भारी वर्षा के संकेत हैं। 26 जुलाई से 28 जुलाई तक ब्यापक वर्षा रहेगी। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण छत्तीसगढ़ और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व झारखंड और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर बंगाल की खाड़ी में अगले 24 घंटे में पहुंचने की संभावना है, इसके प्रभाव से अगले 48 घंटे में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। जिससे यह वर्षा व्यापक रूप लेगी।

## खबर संक्षेप

### लोन का पैसा जमा नहीं करने पर प्रताड़ना, युवक ने खाया जहर

**भिलाई।** एक युवक ने जहर सेवन कर मौत को गले गलाने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। फिलहाल युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां खतरे से बाहर होना बताया जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक जामुल निवासी नीतेश सिंह दुर्ग मंडी में जहर सेवन कर लिया था। लोगों ने उसे उपचार के लिए तुरंत शंकराचार्य अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया। उसके पास से एक सुसायडल नोट भी मिला है। जिसमें बताया गया है कि अपने दोस्त रोहित लहरे के साथ वाहन फायनेंस कराया था। बिजनेस करने के लिए लेकिन दोस्त ने उसकी वाहन को अन्य युवक को दिया था। गीदम पुलिस ने नीतेश को कॉल कर बताया कि उसकी वाहन में एक महिला का अपहरण किया गया है। इसके अलावा जिस बैंक से वाहन को फाइनेंस कराया गया था। बैंक प्रबंधन भी लगातार नीतेश को कॉल कर रहे थे। इससे परेशान होकर नीतेश ने जहर सेवन कर लिया लेकिन अभी खतरे से बाहर है। परिजनो के मुताबिक बेटे लगातार परेशान था इसके बारे में पूछने के बाद भी नहीं बता रहा था लेकिन मंगलवार को लोगों ने कॉल कर बताया कि नीतेश ने अस्पताल में दाखिल है। अस्पताल पहुंचने के बाद सारा जानकारी पता चल पाया। उसका कोई दोस्त रोहित लहरे ने बेटे को दबाव बनाकर वाहन को फाइनेंस कराया था।

## कैसे हो पढ़ाई...

### एकल शिक्षकीय स्कूलों में दो शिक्षक भेजे जाने की जमीनी हकीकत कुछ और

# अगार, खाड़ा, तुमाखुर्द सहित आधा दर्जन स्कूलों में पढ़ाने एक ही शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

युक्तियुक्तकरण के बाद एकल शिक्षकीय स्कूलों में अब भी एक ही शिक्षक पढ़ा रहे हैं। एकल शिक्षकीय स्कूलों में जिला शिक्षा विभाग ने युक्तियुक्तकरण के बाद दो-दो शिक्षक होने का दावा किया है। इधर हकीकत यह है कि अभी भी आधा दर्जन स्कूल एकल शिक्षकीय है। अगार, तुमाखुर्द, बरबसपुर स्कूलों की स्थिति एकल शिक्षकीय की हो गई है। इन स्कूलों में प्रधानपाठकों को पदोन्नति देकर भेजा गया है लेकिन उन्होने ज्वाइनिंग ही नहीं किया है।





### एकल शिक्षकीय स्कूलों की यह है स्थिति

**1** अगार में मिडिल स्कूल के टीचर पढ़ा रहे बच्चों को दुर्ग जिले के धमधा ब्लॉक में शासकीय प्राथमिक शाला अगार है। यह स्कूल एकल शिक्षकीय है क्यों कि यहां जो शिक्षक वर्तमान में पढ़ा रहे हैं उनकी पदस्थापना ही नहीं है। नियम के हिसाब से जिन शिक्षकों को आदेशित किया गया है वे ही इस स्कूल के मूल शिक्षक हैं। काम चलाने के लिए मिडिल स्कूल के शिक्षकों से पढ़वा रहे हैं।इस स्कूल में पहली से लेकर पाचवीं तक 82 विद्यार्थी हैं।

**2** दुर्ग ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला खाड़ा भी एकल शिक्षकीय स्कूल है। इस स्कूल में 60 से ज्यादा विद्यार्थी पहली से लेकर पांचवी तक अध्ययनरत हैं। इस स्कूल में युक्तियुक्तकरण के तहत एक शिक्षक को भेजा गया था लेकिन अब तक ज्वाइनिंग नहीं किया है। जिसकी वजह से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

**3** धमधा ब्लॉक में तुमाखुर्द प्राथमिक शाला है। इस स्कूल में पहली से पांचवी तक के 45 बच्चे पढ़ते हैं। यहां केवल एक ही प्रधानपाठक हैं। युक्तियुक्तकरण के तहत जिस शिक्षक को भेजा गया था वह ज्वाइनिंग नहीं किया है। जिसकी वजह से एक प्रधानपाठक ही सभी कक्षाओं को बारी-बारी से पढ़ा रहे हैं। कभी पहली व दूसरी कक्षा को एक साथ पढ़ाते हैं तो कभी तीसरी, चौथी व पांचवी को।

### अभ्यावेदन के प्रकरण नहीं हैं सुलझे

युक्तियुक्तकरण के तहत जिन शिक्षकों ने कलेक्टर के पास अभ्यावेदन प्रस्तुत किए हैं उनका प्रकरण भी लंबित है। मसलन प्राथमिक शाला ढ़ौर की शिक्षिका संगीता निर्मलकर, ननकट्ठी प्राथमिक शाला की शिक्षिका गीता बारमासे, माध्यमिक शाला वैशालीनगर की शिक्षिका सरस्वती गिरिया सहित कई प्रकरण हैं। अभ्यावेदन का निराकरण नहीं होने से ये शिक्षक किसी स्कूल में पढ़ा नहीं पा रहे हैं। डेढ़ महीने हो गए नए शैक्षणिक सत्र को और विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और प्रशासन निर्णय नहीं ले पाई है।

### 23 तक ज्वाइनिंग का समय

एकल शिक्षकीय स्कूल हमारी पहली प्राथमिकता है। युक्तियुक्तकरण के आदेश के बाद भी शिक्षकों ने ज्वाइनिंग नहीं ली है। ऐसे शिक्षकों को हमने 23 जुलाई तक ज्वाइन कर लेने का और समय दे दिया है। उसके बाद निलंबन की कार्रवाई करेंगे।

*- अरविंद कुमार मिश्रा*
*जिला शिक्षा अधिकारी*

### इसलिए शिक्षकों की हो गई है कमी

#### पदोन्नति मिली लेकिन ज्वाइनिंग नहीं

युक्तियुक्तकरण के पहले स्कूल शिक्षा विभाग ने सहायक शिक्षकों को प्रधानपाठक के पद पर पदोन्नति दी हैं। पदोन्नति के बाद भी स्कूलों में उन्होने ज्वाइनिंग नहीं की है। युक्तियुक्तकरण नियम के तहत 40 विद्यार्थी पर एक शिक्षक होना है। एक प्रधानपाठक का पद है।

#### न्यायालयीन प्रकरण चल रहे

युक्तियुक्तकरण के दौरान अतिशेष शिक्षकों ने हाईकोर्ट में याचिका लगा दी है। अकेले दुर्ग जिले में 139 शिक्षकों ने ज्वाइनिंग नहीं की है। इन सभी शिक्षकों का मामला हाईकोर्ट में चल रहा है। हाईकोर्ट के निर्देश पर जिला व संभाग स्तर पर सुनवाई भी चल रही।

#### 134 सहायक शिक्षकों के पद है खाली

जिले में अभी भी सहायक शिक्षकों के 134 पद खाली है। शिक्षकों के रिक्त पदों को भर्ती से ही भरा जा सकता है। वर्तमान में प्रदेश सरकार शिक्षकों की भर्ती नहीं कर रही है। जब तक युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया चलेगी तब तक यह स्थिति बनी रहेगी।

# हायर पेंशन के लिए सेफी ने हाईकोर्ट में दायर की याचिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- ईपीएफओ के अड़ियल रवैये से बीएसपी कर्मियों में निराशा

ईपीएफओ द्वारा भिलाई इस्पात संयंत्र सहित सेल के कुछ संयंत्र के कार्मिकों को ईपीएस- 95 हायर पेंशन से वंचित करने के बाद सेफी ने अब इंसाफ के लिए हाईकोर्ट बिलासपुर का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में ईपीएफओ द्वारा पेंशन के मुद्दे को जटिल बनाने का हवाला देते हुए सेल के कर्मियों व अधिकारियों तथा सेवानिवृत्तों को हायर पेंशन का लाभ जल्द दिलाने की गुहार की गई है। उल्लेखनीय है कि 4 नवम्बर 2022 को सुप्रीम के निर्णय के अनुरूप सेल की विभिन्न इकाइयों में कार्यरत तथा सेवानिवृत्त कार्मिकों एवं अधिकारियों को ईपीएस-95 के तहत मिलने वाले हायर पेंशन की पात्रता हासिल करने के लिए आज भी ईपीएफओ के विभिन्न राज्यों के कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। निदान के लिए सेफी- चेयरमैन तथा ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर की अगुवाई में ईपीएफओ मुख्यालय दिल्ली को कई बार पत्र लिखे गए। बाद ईपीएफओ मुख्यालय में 8 मई को ईपीएफओ भवन में सेफी टीम के साथ हुई अहम बैठक में ईपीएफओ मुख्यालय की ओर से एडिशनल कमिश्नर प्रोविडेंट फंड अपराजिता जग्गी व सेफी-चेयरमेन तथा ओए के अध्यक्ष एनके बंछोर, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, अजय पांडे व महासचिव संजय आर्या उपस्थित थे। श्री बंछोर ने सेल की विभिन्न इकाइयों में हायर पेंशन की विसंगतियों को बताया था। ईपीएफओ मुख्यालय द्वारा इंडिपेंडेंट पीएफ ट्रस्ट के नीति नियमों को हायर पेंशन की पात्रता के अनुरूप नहीं मानते हुए सेल की कुछ इकाईयों में हायर पेंशन देने में अपनी असमर्थता जाहिर की थी। सेफी चेयरमेन बंछोर ने बताया कि कार्मिकों को हायर पेंशन दिलाने के लिए विभागीय मंत्री, ईपीएफओ के केन्द्रीय अधिकारी, ईपीएफओ के क्षेत्रीय अधिकारी तथा सेल व बीएसपी प्रबंधन से निरंतर पत्र व्यवहार व चर्चा किया गया।


हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
माह अगस्त 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
नोट : 1 अगस्त से 31 अगस्त तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 जुलाई 2025 तक जमा कर सकते हैं।
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार 1100
कार्यालय प्रति
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।
हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव
पाठक का नाम ____ मो.नं. ____
पिता का नाम ____ जन्मतिथि ____
स्थान ____ जिला ____
एजेंसी का नाम ____
एजेंसी का पता ____ मो.नं. ____


# युवती से की छेड़खानी, एसएसपी ने आरक्षक को किया बर्खास्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- नंदिनी थाने में पदस्थ था आरक्षक शिकायत के बाद हुआ गिरफ्तार

एसएसपी विजय अग्रवाल ने नंदिनी थाने में पदस्थ मानिकचंद धनुरकर को बर्खास्त कर दिया है। 14 जुलाई को आरक्षक की न्यायालय में पेश करने की ड्यूटी लगाई गई थी। इस दौरान आरक्षक मानिकचंद धनुरकर ने नागरिक कल्याण कालेज नंदिनी के ग्राउंड में टहल रही युवती को अपनी पुलिस वाली आईडी दिखाकर छेड़खानी, कर गाली गलौज किया। इस दौरान जान से मारने तक की आरक्षक ने धमकी दी थी। शिकायत के बाद पुलिस ने आरक्षक को गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा। आरक्षक ने बिना सक्षम अनुमति के कर्तव्य स्थल से बाहर जाकर अशोभनीय कृत्य व पुलिस विभाग द्वारा जारी पहचान पत्र का दुरपयोग करते हुए एमपी/छग पुलिस रेग्युच पैरा 64 सेवा की सामान्य शर्ते सिविल सेवा (आचरण)1965 नियम के विपरित कृत्य किया गया। इसके पूर्व भी आरक्षक मानिकचंद धनुरकर ने रेस्टोरेंट में घुसकर संचालक के भाई के साथ मारपीट किया था। इसके अलावा नंदिनी थाने में रहते हुए आरक्षक के भ्रष्ट आचरण के लिए निलंबन की कार्रवाई पहले की गई थी। आरक्षक के आचरण में कोई सुधरा नहीं आया बल्कि अनैतिक, अपराधि कृत्य लगातार शिकायत मिलने से पुलिस की छबि खराब हो रही थी। इस कारण आरक्षक को पुलिस विभाग के सेवा से ही बर्खास्त किया गया।


सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
टोटल हाल मार्क जेवर
स्पेशल पर्स, बैग फ्री
रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग


## मारपीट कर दबंगई दिखाने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** मारपीट कर दबंगई दिखाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि राजीव नगर जामुल निवासी सुनील प्रसाद के साथ रात को मोहल्ले में रहने वाले इन्द्रभान उर्फ इंदर घर के सामने गाली गलौज कर रहा था। पीड़ित के मना करने पर दबंगई दिखाते हुए मारपीट कर धमकी देने लगा। शिकायत पर जामुल पुलिस ने आरोपी इन्द्रभान का तलाश कर उसे पकडा गया। आरोपी राजीव नगर में घुमते पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। कार्रवाई में जामुल टीआई राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### गणेश मंदिर रिसाली में प्राण प्रतिष्ठा, पहुंचे विधायक

दुर्ग। ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सरस्वती कुंज रिसाली में आयोजित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में भगवान गणेश मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना कर नमन किया गया। चंद्राकर ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों के जनकल्याण, सुख-समृद्धि और सद्बुद्धि की कामना की। इस अवसर पर रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, संध्या साहू, शैलेंद्र साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### कृषि विभाग की बैठक में हरी खाद के उपयोग पर जोर



दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश कुमार चंद्रवंशी दुर्ग जिले के प्रवास के दौरान कृषि एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों की सर्किट हाउस में बैठक ली। बैठक में दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव भी सम्मिलित हुए। बीज खाद की उपलब्धता, विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को विभागीय योजनाओं से कृषकों को अधिकाधिक लाभान्वित कराने के निर्देश दिये गए। हरि खाद के उपयोग पर जोर दिया गया। विधायक गजेन्द्र यादव ने कहा कि कृषकों को डीएपी खाद के उपयोग कम करने के साथ ही नैनों डीएपी अथवा यूरिया, सुपरफास्फेट, पोटाश एवं अन्य उपलब्ध मिश्रित उर्वरक का प्रयोग करने की सलाह दी जाए। श्री चंद्रवंशी के सर्किट हाउस पहुंचने पर विभागीय अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर संभागीय संयुक्त संचालक कृषि गोपिका गबेल, जिला विपणन अधिकारी भौमिक बघेल, बीज निगम के अधिकारी एसके बेहरा, सहकारी बैंक के अधिकारी हृदेश शर्मा, उप संचालक मत्स्य सीमा चन्द्रवंशी सहित कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### विकास कार्यों की स्वीकृति महापौर ने जताया आभार

दुर्ग। नगर पालिक निगम दुर्ग की महापौर अलका बाघमार ने शहर के विकास कार्यों के लिए स्वीकृत राशि को लेकर उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त किया। महापौर ने एमआईसी सदस्यों और पार्षदों के साथ मंत्री श्री साव के निवास पर सौजन्य भेंट कर नगर के प्रति उनकी संवेदनशीलता और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। महापौर ने कहा कि मंत्री श्री साव द्वारा दिए गए सहयोग से शहर के अधूरे कार्यों को गति मिलेगी और आम नागरिकों को शीघ्र सुविधाएं प्राप्त होंगी।

# कल से महापौर आपके द्वार, सुबह 7 बजे से लोगों की समस्याएं सुनेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के 60 वार्डों में व्याप्त मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए महापौर अल्का बाघमार मोर्चे पर हैं। उन्होंने तय किया है कि 24 जुलाई से वे हर दिन सुबह 7 शहर के किसी एक वार्ड में पहुंचेंगी, वहां की समस्याएं सुनेंगे। कोशिश किया जाएगा कि तत्काल या फिर 7 दिन के भीतर समस्या का निराकरण किया जाए। इस दौरान वार्ड के पार्षद, निगम के सभी जिम्मेदार वार्ड में मौजूद रहेंगे, जिस दिन वे किन्हीं कारणों से वार्ड में नहीं पहुंच पाएंगी, उस दिन वार्ड के पार्षद या कोई न कोई एमआईसी मेंबर वार्ड में पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे। मंगलवार को इसे लेकर महापौर ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके लिए निर्देशित भी किया।

## अनोखी पहल : वार्ड के पार्षद, निगम के अधिकारी रहेंगे मौजूद, दो दिन पहले तय होगा शेड्यूल

### छोटी-छोटी परेशानियों के लिए नहीं काटने पड़ेंगे निगम के चक्कर

निगम महापौर के इस अभियान के शुरू होने से लोगों को छोटी-छोटी परेशानियों को लेकर निगम के चक्कर काटने नहीं पड़ेंगे। वे वार्ड में ही अपनी समस्याओं से महापौर को अवगत करा सकेंगे। महापौर ने बैठक में कहा कि वार्डों में चल रहे सभी कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित समाधान प्राथमिकता पर किया जाए। टैक्स न चुकाने वालों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। सफाई के कामों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों से काम नहीं लेने की हिदायत दी। बैठक में एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, नीलेश अग्रवाल, ईई दिनेश नेताम, आरके जैन, संजय ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।



### न्यू आदर्श नगर में लचर सफाई देख जताई नाराजगी

मेयर अलका बाघमार ने न्यू आदर्श नगर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। लचर व्यवस्था देखकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सड़क की सफाई और नालियों की निकासी के निर्देश दिए। मेयर ने कहा कि सड़क और नालियों में कचरा नजर आने पर उस वार्ड के सुपरवाइजर और सफाई कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। कब्जा होने पर हटाने के निर्देश दिए।

### जनता की सुविधा के लिए निर्णय

जनता की सुविधा के लिए यह निर्णय लिया गया है। हर दिन हर एक वार्ड, समय सुबह 7 बजे। कोशिश रहेगी कि 7 दिन के भीतर समस्या का निराकरण कर लिया जाए। वार्डों की सफाई व्यवस्था में विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा।
-अलका बाघमार, महापौर नगर निगम दुर्ग

## भिलाई-तीन, जामुल, नेहरूनगर, सेलूद चौक, धमधा, मिनीमाता चौक पुलगांव में दिया धरना

# ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेसियों ने दो घंटे रोके रखा स्टेट और नेशनल हाईवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई/दुर्ग

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की गिरफ्तारी और ईडी द्वारा लगातार की जा रही छापामारी के विरोध में कांग्रेसियों ने मंगलवार को जिले के 6 जगहों पर धरना दिया। इस दौरान स्टेट और नेशनल हाईवे को दो घंटे से ज्यादा समय के लिए जाम किया गया। हालांकि एंबुलेंस और अन्य जरूरी सेवाओं को बाधित नहीं होने दिया गया। कांग्रेस का यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। नेशनल हाईवे पर चक्काजाम की वजह से मुंबई-हावड़ा हाईवे पर लंबा जाम लग गया। भिलाई-तीन से पहले भी वाहन कतारबद्ध रहे।

इधर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुबह करीब 12 बजे धरना शुरू किया, वे दोपहर 2 बजे मौके से हट। इस दौरान जमकर शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शन के दौरान पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, अध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित अन्य मौके पर जमे रहे। भिलाई में नेहरूनगर में अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, महापौर नीरज पाल के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़क पर बैठकर ईडी के खिलाफ नारेबाजी की गई।

### चक्काजाम की वजह से मुंबई-हावड़ा हाईवे पर लगा लंबा जाम





### दुर्ग में पुलगांव चौक में प्रदर्शन, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज भी पहुंचे

दुर्ग। पुलगांव स्थित मिनी माता चौक में कांग्रेस ने हल्लाबोल किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। ताम्रध्वज साहू ने कहा कि देश में अराजकता का माहौल है। इसके लिए सीधे तौर पर भाजपा का कुशासन जिम्मेदार है। किसी भी सही विषय को उठाने पर भाजपा विपक्षी नेताओं के घर ईडी भेज कर दबाव डालने की कोशिश कर रही है। यहां तक जेल में डालने से बाज नहीं आ रही है। हमारे नेता भूपेश बघेल पर भी दबाव की राजनीति की जा रही है। उनके बेटे को साजिश में फंसाकर ईडी ने हिरासत में लिया है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा के कुशासन से जनता त्रस्त हो चुकी है। जनता में अभी से बदलाव की लहर है। सरकार के मंत्री, विधायक, नेता विलासिता भोगने में व्यस्त हैं। विरोध करने वालों को डराया-धमकाया जा रहा है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### सेलूद चौक, सिरसा गेट में उग्र प्रदर्शन, पुलिस ने हटाया

भिलाई। ईडी के खिलाफ मिनीमाता चौक पुलगांव में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में सिरसा गेट भिलाई 3, सेलूद चौक पाटन, जामुल एसीसी बोगदा, बेमेतरा रोड महामाया गेट धमधा में प्रदर्शन किया गया। जिले के प्रभारी गिरीश देवांगन, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, महापौर शशि सिन्हा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। राकेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस हर मोर्चे पर प्रदर्शन करेगी। भाजपा में देश में लोकतंत्र की हत्या की साजिश रच रही है। प्रदर्शन के दौरान महापौर निर्मल कोसरे, कृष्णा चंद्राकर, सुजीत बघेल, प्रदीप चंद्राकर, रिवेंद्र यादव सहित अन्य मौजूद थे।



### बरसते पानी में सेलूद चौक पर कांग्रेस का चक्काजाम



सेलूद। मंगलवार को सेलूद में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मूसलाधार बारिश के बावजूद दुर्ग-पाटन-धमतरी मार्ग पर बजरंग चौक के पास चक्काजाम किया। बारिश में भीगते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता ईडी के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए सड़क पर डटे रहे। नारेबाजी करते कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताया और कहा कि जब तक आवाज नहीं सुनी जाती, तब तक सड़कों पर संघर्ष जारी रहेगा। अडाणी भगाओ लोकतंत्र बचाओ जैसे नारे लगाए गए। इस अवसर पर पूर्व ओएसडी आशीष वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र वर्मा, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, अशोक साहू, जवाहर वर्मा, अश्वनी साहू, जयश्री वर्मा, पुरुषोत्तम तिवारी, अजय सिंगोर, दिनेश साहू, आनंद बघेल, रूपेंद्र शुक्ला, युगल किशोर आडील, सालिक साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### धमधा में सरकार के विरोध में उतरी कांग्रेसी, की आर्थिक नाकेबंदी

धमधा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में प्रदेश रूपी आर्थिक नाकेबंदी चक्काजाम किया गया। जिला महामंत्री राजीव गुप्ता ने बताया कि केंद्र में मोदी और शाह और राज्य के कुशासन की मिली जुली जुगलबंदी के माध्यम से हमारे सभी वरिष्ठ नेताओं के ऊपर गलत आरोपों के तहत ईडी की कार्यवाही करवाई जा रही है, जो कि निंदनीय और पूरे लोकतंत्र के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा ने बताया कि दो सालों में अपने हर वादों में खरा उतर नहीं पाई है। जंगलों को उद्योगपतियों को बेचा जा रहा है। इस अवसर पर शमसीर कुरैशी, प्रहलाद यादव, जितेंद्र वर्मा, मधुसूदन राणा, महेश कौशल, अनिल साहू, गंगाधर निषाद, जीवन निर्मलकर कामदेव साहू सहित अन्य मौजूद थे।



## एसडीएम की निगरानी में होगा तालपुरी बी ब्लॉक एसो. की कार्यकारिणी का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग





तालपुरी बी ब्लॉक रेसिडेंट्स एसोसिएशन का चुनाव कलेक्टर दुर्ग द्वारा नामित अनुविभागीय अधिकारी की निगरानी में होगा। यह आदेश छत्तीसगढ़ वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की उपसचिव रेना जमील ने जारी किया है। बता दें कि छत्तीसगढ़ फर्म्स एवं संस्थाएं के रजिस्ट्रार रितेश कुमार अग्रवाल ने 29 अप्रैल 2025 को एसोसिएशन के चुनाव को अमान्य ठहराते हुए उसे तीन महीने के भीतर नए सिरे से चुनाव कराने का आदेश जारी किया था। यह मोहलत 28 जुलाई को खत्म हो रही है, लेकिन अब तक चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। इसके बाद 16 जुलाई को एक नया आदेश जारी हुआ, जिसमें एसडीएम की निगरानी में चुनाव कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार चौरसिया ने कहा कि चुनाव की नई तारीख घोषित नहीं की गई है। नए आदेश में स्पष्ट नहीं किया गया है। उम्मीद है, चुनाव जल्द होंगे।

### तिरगा में किसानों को अरहर बीज का वितरण, दलहन को बढ़ावा देने सुझाव




दुर्ग। ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम तिरगा में किसानों को अरहर बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को गुणवत्ता पूर्ण बीज उपलब्ध कराना और दलहन फसल को बढ़ावा देना है इस अवसर पर जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू की विशेष उपस्थिति रही। जहां पर किसानों से संवाद करने पर पता चला की खाद की कमी से अभी भी किसानों को भटकना पड़ रहा है। उन्होंने शासन प्रशासन से अपील की है की जल्द से जल्द जहां भी खाद की कमी है। उसे पूरा किया जाए और किसानों को खाद उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए कई प्रकार की योजना सरकार द्वारा चलाई जाती है, लेकिन जानकारी के आभाव में इसका लाभ किसान नही उठा पाते है। मौके पर सरपंच घसियाराम देशमुख, रमेश कुमार साहू, राजेश्वर बेहरा, भोथली से देवीलाल साहू, कलीराम साहू, रमेश कुमार साहू, नुपेंद्र कुमार साहू आदि मौजूद थे।

## अस्पताल में बंद पड़ी लैंडलाइन सेवा फिर शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला अस्पताल में ठप पड़ी आपातकालीन टेलीफोन नंबर की सेवा फिर शुरू हो गई है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर आपातकालीन वार्ड 0788-2320104 और डिलीवरी वार्ड में 0788-2211980 नंबर जारी किया गया है। तीन दिन पहले पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर से मिला ता। उन्हें 15 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा गया था। बाकलीवाल ने उन्हें अवगत कराया था कि जिला अस्पताल में सुविधाओं से मरीजों और उनके परिजनों को वंचित होना पड़ रहा है। इसके बाद प्रशासन ने टेलीफोन की सेवा शुरू की है। ताकि मरीजों को समय पर सही जानकारी उपलब्ध हो सके।



### व्यवस्था दुरुस्त करने कलेक्टर ने दिया आश्वासन

ज्ञापन सौंपने के दौरान जीवनदीप समिति के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य दुष्यंत देवांगन ने जिलाधीश का ध्यान अन्य स्वास्थ्य सेवाओं पर भी आकर्षित कराया। इसके बाद कलेक्टर ने सीएमएचओ और सीएस को व्यवस्था सुधार के लिए निर्देशित कियाा है। इस जनहितैषी कदम के लिए कांग्रेस के सभी सदस्यों ने कलेक्टर का आभार व्यक्त किया।

## विद्यार्थियों ने किया रेन वाटर हार्वेस्टिंग मॉडल का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के भूगर्भशास्त्र विभाग में जल संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों के मन में भाव जागृत करने एवं सामाजिक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विद्यार्थियों द्वारा वर्षा जल संचयन अर्थात रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर केन्द्रित बड़ी संख्या में वर्किंग एवं स्थैतिक मॉडल तैयार किए गए। भूगर्भशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. एसडी देशमुख ने बताया कि वर्षा जल संचयन प्रणाली को आम जनता तक पहुंचाने के लिए विद्यार्थियों द्वारा ये मॉडल तैयार किए गए है। इन मॉडल को समय समय पर दुर्ग-भिलाई के विद्यालयों एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्रदान किया जायेगा। जिससे वे अपने-अपने शैक्षणिक संस्थानों में वर्षा जल संचयन के बारे में सभी को जागरूक कर सके।

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : सामाजिक सरोकार योजना



भूगर्भशास्त्र के प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग मॉडल निर्माण के दौरान विद्यार्थियों उसके प्रणाली तथा उसकी कार्यविधि एवं उससे संबंधित सावधानियों के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। स्नातक स्तर के विद्यार्थियों ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग पर केन्द्रित प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी विभाग में जमा की। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकार की भावना जागृत करने एवं उनके कौशल विकास से संबंधित मुद्दे के क्रियान्वयन के लिए यह गतिविधि आयोजित की गई।

### 65% जल व्यर्थ बह जाता है

शोध के अनुसार वर्षा का जल 65 प्रतिशत हिस्सा सतह पर बहकर नदी, नालों द्वारा समुद्र में चला जाता है। इससे किसी भी स्थान पर भूमिगत जलस्तर में वृद्धि नहीं हो पाती यही कारण है, कि वर्षा के जल को रोककर उसे वर्षा जल संचयन प्रणाली की सहायता से भूमिगत जल भण्डारण में वृद्धि करने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ में धान के खेत वर्षा के जल संचयन हेतु सबसे उत्तम साधन है।

## उपलब्धि : रिसामा में बिहान योजना से जुड़ महिला बनीं सशक्त, दूसरों को भी रोजगार से जोड़ा

# पीएम आवास में सेंट्रिंग प्लेट उपलब्ध कराकर लखपति बनी खेमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग ब्लॉक के ग्राम रिसामा निवासी खेमीन पति हेमंत निर्मलकर दूसरी महिलाओं के लिए मिसाल बन गई है। उसने सेंट्रिंग प्लेट का काम शुरू किया और आज वह लाखों रुपए कमा रही है। वह खुद से आर्थिक रूप से मजबूत बनी, वहीं दूसरी महिलाओं को भी रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया। वर्तमान में ग्रामीण प्रधानमंत्री योजना आवास के अंतर्गत सेंट्रिंग प्लेट की सप्लाई कर रही है। छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत संचालित कल्याणी स्व सहायता समूह की सचिव है। वे स्व सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए एक मिसाल बनकर उभरी हैं। खेमीन निर्मलकर बताती हैं कि ग्राम में मजदूरी का कार्य करती थी। उनके पति मिस्त्री के रूप में काम करते थे, जिससे उन्हें 8 हजार रुपए मासिक आमदानी होती थी। अपने पति से समूह के माध्यम से ऋण लेकर नया व्यवसाय करने और अपनी आमदानी को बढ़ाने की योजना बनाई। इसके लिए समूह के माध्यम से 2.50 लाख रुपये बैंक लोन एवं 1 लाख रुपए स्वयं का लगाकर 2000 वर्गफीट सेंट्रिंग प्लेट खरीदा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में ही स्वयं की आमदानी से 1 हजार वर्गफीट सेंट्रिंग प्लेट और खरीदा। इससे वह अब तक 150 से ज्यादा आवासों में काम पर लगा चुकी हैं। लाखों रुपए की आमदनी अर्जित कर चुकी हैं।

- सेंट्रिंग के कारोबार में कमा रही लाखों

### एक साल में साढ़े 3 लाख रुपए से ज्यादा की आमदनी हो चुकी

खेमीन बताती हैं कि 1000 वर्गफीट सेंट्रिंग प्लेट लगाए जाने पर 27000 रुपए की आमदनी प्राप्त होती है। इसमें से मजदूरी, ट्रांसपोर्टिंग, रखरखाव इत्यादि में कुल 15000 रुपए व्यय होता है। 12000 रुपये की शुद्ध आय प्राप्त होती है। इसी प्रकार 3000 वर्गफीट की सेंट्रिंग प्लेट लगाए जाने पर कुल 36000 रुपये की शुद्ध आय होती है। दो माह जुलाई व अगस्त में कार्य प्रभावित रहता है। इस प्रकार कुल 10 माह में निरंतर आमदनी प्राप्त होती रहती है। इससे वार्षिक आय लगभग 360000 रुपए हैं।



### आसपास के गांव में हर काम में उसके सेंट्रिंग की डिमांड

खेमीन ने बताया कि दुर्ग के ग्राम चंदखुरी, उतई, घुघसीडीह, रिसामा, मचांदूर, कुकरैल, अण्डा, चिरपोटी के साथ-साथ आसपास के अन्य ग्रामों में एवं जिला बालोद के ओटेबंद, सुखरी, पागरी के आस-पास के ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास व निजी निर्माण कार्यों के लिए सेंट्रींग उपलब्ध कराया जा रहा है। उसका लक्ष्य है कि और 5 हजार वर्गफीट से ज्यादा की सेंट्रिंग खरीदे। इसके लिए उसके द्वारा प्रयास किया जा रहा है। वह अन्य महिलाओं को भी इस कार्य के लिए प्रेरित कर रही है।





# शिवधाम पहुंचा कांवड़ियों का विशाल जत्था, किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ननकट्ठी



सावन के दूसरे सोमवार को शिवधाम कोड़िया के भुइं फोड़ शिव ज्योतिर्लिंग का दर्शन पूजन अभिषेक करने सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ लगी हुई थी। वहीं मुख्य आकर्षण कांवड़ियों का विशाल जत्था रहा, जो रिमझिम फुहारों के बीच त्रिवेणी संगम सगनी घाट से पवित्र जल लेकर अभिषेक करने शिवधाम पहुंचा था। इनमें बड़ी संख्या में महिला कांवड़िया भी थीं। बोलबम, हर हर महादेव का जयघोष करते कांवड़िए जब मंदिर पहुंचे पूरा वातावरण शिवमय हो गया। द्वार पर उनका भव्य आत्मीय स्वागत किया गया। इस जत्थे का नेतृत्व काशीनाथ साहूर और प्रदीप साहू कर रहे थे। पास के ग्रामों से खेरधा जामुल के कांवड़िए बड़ी संख्या में थे। ज्ञात हो कि दुर्ग धमधा मार्ग पर दुर्ग से 21 कि. मी की दूरी पर गांव कोड़िया में अनोखा शिव मंदिर है जहां भगवान शिव का दिव्य सहस्त्रेश्वर ज्योतिर्लिंग है जिसे 'भुइं फोड़ शिव' के नाम से जाना जाता है । यह स्वयंभू है, स्वयं प्राकट्य है। इसमें प्राकृतिक रुप से ॐ अंकित है।मालगुजारी जमाने में घुरूवा में कुआं खोदते समय नारियल के आकार का शिवलिंग भव्य रूप ले चुका है। मंदिर भी विशाल है। लोगों के श्रद्धा और आकर्षण का केंद्र बन गया है।

## शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी, प्रसाद वितरण के साथ हुआ समापन

गांव अब शिवधाम कोड़िया के नाम से प्रतिष्ठित है। डॉक्टर नीलकंठ देवांगन ने बताया कि कांवड़ (कांवर) भगवान शिव का ही एक रूप है। कांवड़ यात्रा शिव के कल्याणकारी रूप और निष्ठा के नीर से उसके अभिषेक को प्रतिध्वनित करता है। यहां जल अभिषेक के बाद शिवजी की आरती मंदिर पुजारी कृष्णा रमेश बन गोस्वामी ने की। अंत में प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ। यात्रा में ग्राम कोड़िया की सरपंच जानकी साहू, सभापति व जनपद सदस्य भूपेंद्र साहू, ग्राम बागडूमर के सरपंच दामिनी साहू, लक्ष्मी नारायण साहू आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### दीपशिखा विद्यालय में छात्र परिषद का गठन



**उतई।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई में छात्र परिषद का गठन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि धर्मेंद्र बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत डुमरडीह थे। कार्यक्रम में दीपशिखा शिक्षण समिति के सचिव डी एल सिन्हा, चंदा सिन्हा , उप प्राचार्य प्रमोद कुमार, प्रधानपाठक एन के चंद्राकर एवं समस्त शिक्षक- शिक्षिकाएं उपस्थित थे। मुख्य अतिथि धर्मेंद्र बंजारे ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों एवं कक्षा प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई। सचिव डी एल सिन्हा ने सभी निर्वाचित छात्र संघ परिषद के विद्यार्थियों को बधाई देते हुए अपनी जिम्मेदारी का भली-भांति निर्वहन करने को कहा। निर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारी शाला नायिका हर्षिता बारले ,उप शाला नायक वेदांत वर्मा ,सचिव मानसी सांस्कृतिक प्रभारी प्रिंसी साहू, भावना साहू ,मोक्षदा साहू ,क्रीड़ा प्रभारी पुष्कर साहू, जाह्नवी साहू , स्वच्छता प्रभारी विरेंद्र साहू, पर्यावरण प्रभारी गौरव चंद्राकर, मीडिया प्रभारी नयन साहू ,अनुशासन प्रभारी रुद्र चंद्राकर और साज- सज्जा प्रभारी ज्योति देशमुख का चयन किया गया। इसी प्रकार विद्यालय में चार सदन का गठन भी किया गया है।

### कर पुनर्निर्धारण सर्वे: निगम आयुक्त मोनिका के निर्देश पर कराए जा रहे सर्वे में खुलासा

# रिसाली के 4 वार्ड में टैक्स वसूलना था 2.06 करोड़, हो रही थी 1.63 करोड़ की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

रिसाली निगम क्षेत्र में इन दिनों कर पुनर्निधारण के लिए सर्वे हो रहा है। इस दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है। चार वार्डों में 43 लाख रुपए के कर की बढ़ोत्तरी हुई है। सर्वे के दौरान पता चला कि करदाताओं द्वारा 1.63 करोड़ रुपए टैक्स के रूप में जमा किया जा रहा है। जबकि टैक्स का वसूली 2.06 करोड़ रुपए होनी चाहिए। आयुक्त मोनिका वर्मा के निरीक्षण के दौरान यह बात सामने आई। उन्होंने पुनर्निधारण कार्य करने वाली टीम से इस बारे में जानकारी ली। व्यावसायिक और आवासीय गणना की जांच की। खास बात यह है कि अब तक 4 वार्डों के पुनर्निधारण के बाद राजस्व लक्ष्य में 43 लाख की बढ़ोत्तरी हुई है।

आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर निगम क्षेत्र के आवासीय और व्यवसायिक भवनों का संपत्तीकर का पुनर्निर्धारण किया जा रहा है। वार्ड 28 शक्ति विहार रिसाली क्षेत्र स्थित सिन्हा टाइपिंग गली में चल रहे कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने न केवल गणना फार्म की सूक्ष्मता से जांच की, बल्कि आवास और दुकानों की नाप को ध्यान से देखा। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अगर भवन किराए में संचालित है तो स्पष्ट रूप से गणना फार्म में व्यवसायिक उपयोग उल्लेख करें।

## रिसाली निगम क्षेत्र में पुनर्निर्धारण के लिए हुआ सर्वे





### इन चार वार्डों में 43 लाख की बढ़ोत्तरी

संपत्तिकर विभाग के प्रभारी अधिकारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि वार्ड 22 मैत्रीकुंज, वार्ड 23 प्रगतिनगर, वार्ड 24 आजाद मार्केट व 25 आशीष नगर में संपत्तिकर निर्धारण का कार्य पूर्ण हो चुका है। चारों वार्ड में 43 लाख की राशि बढ़ी है। पूर्व में इन वार्डों में कर की रशि 1 करोड़ 63 लाख थी, जो बढ़ गई है। निगम की टीम लगातार सर्वे कर रही है। सर्वे के दौरान कई जगहों पर कम कर निर्धारण की जानकारी मिल रही है। इसके हिसाब से कर का निर्धारण किया जा रहा है।

### 21 सदस्य कर रहे नाप जोक

निगम के अधिकारियों ने बताया कि सर्वे का काम चल रहा है। सभी वार्डों में संपत्तिकर, दुकान किराया, समेकित कर, भवन अनुज्ञा, अतिरिक्त निर्माण से लेकर अन्य का सर्वे किया जा रहा है। कर पुनर्निर्धारण के लिए 7 टीम का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में 3 सद्स्य हैं। टीम के सद्स्य कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए स्व विवरणी को आधार मानते हुए नए सिरे से नाप जोक किया जा रहा है। इससे निगम के राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी। साथ ही निगम को सही जानकारी उपलब्ध हो सकेगी।

### 31 जुलाई तक टैक्स जमा करने पर मिलेगी 5 प्रतिशत छूट

आयुक्त मोनिका वर्मा ने जानकारी दी कि रिसाली निगम क्षेत्र में करदाता यदि 31 जुलाई तक टैक्स जमा करते हैं तो उन्हें 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी। 1 अगस्त के बात 30 सितम्बर तक टैक्स जमा करने पर 4 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके बाद अक्टूबर माह में जमा करने पर 2 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके बाद वित्तीय वर्ष समाप्ति तक छूट नहीं मिलेगी। साथ ही अधिभार भी वसूला जाएगा

## अंचल की खबरें

### तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में लोगों को किया जागरूक




**कुम्हारी।** स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोनिता सत्संगी की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा मुक्त जीवन की आवश्यकता पर बल दिया तथा प्रत्येक व्यक्ति को तंबाकू निषेध हेतु प्रेरित करने का आह्वान किया । कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता रैली निकाली गई तथा पर्चा वितरण के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा गांव-गांव तक नशा मुक्ति का संदेश पहुँचाया गया। इस अभियान ने सामाजिक चेतना को जागृत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। तंबाकू निषेध एवं नियंत्रण विषय पर विद्यार्थियों में जागरुकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तनुजा बीएससी, द्वितीय स्थान कुमकुम कुर्रे बीकॉम एवं तृतीय स्थान संयुक्त रूप से दुर्गेश साहू ने प्राप्त किया।

### पौधारोपण के साथ रखरखाव जरूरी



**कुम्हारी।** एक पेड़ माँ के नाम शासन की योजना के तहत सोमवार को सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुम्हारी 307 के परिसर में पौधारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्राधिकृत मनोज वर्मा ने बताया कि इन दिनों जगह-जगह विभिन्न समितियों द्वारा पौधरोपण किये जा रहे हैं लेकिन आवश्यकता इस बात की भी है कि उसे सहेजकर कैसे रखा जाय। जरूरी है कि उन पौधों में समय समय पर पानी एवं उसके रखरखाव पर भी हमारा उतना ही ध्यान हो। इस मौके पर समिति के प्राधिकृत मनोज वर्मा, समिति प्रभारी बसंत साहू, कृषक पुनाराम साहू, भीखम सोनवानी, सुनीता एवं समिति के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### पुलगांव में हरेली महोत्सव कल



**अंडा।** पुलगांव में हरेली महोत्सव 24 जुलाई मनाया जाएगा। समिति के लक्ष्मीकांत दुबे (रज्जु) ने बतलाया कि इस अवसर पर महिलाओं एवं बच्चों के लिए कुर्सीदौड़, युवाओं के लिए गेड़ी दौड़ एवं बुजुर्गों के लिए नारियल फेंक एवम रात्रि को बिरेझर वालो का छतीसगढी सास्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है। इस खेल में भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को को इनाम की राशि एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया जाएगा। दुबे ने बतलाया कि हरेली महोत्सव के माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी विलुप्त होती संस्कृति को सहेजने का एक छोटा सा प्रयास है, समिति के कपिल निषाद दिनेश यादव ने जनमानस को कार्यक्रम में अधिक से अधिक सँख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### नागपंचमी पर विशाल रुद्राभिषेक 29 को

**जामगांव आर।** नागपंचमी के पावन अवसर पर जामगांव आर कला मंच बाजार चौक में 29 जुलाई मंगलवार को संगीतमय विशाल रुद्री पाठ रुद्राभिषेक काल सर्प दोष पूजन एवं महामृत्युंजय जाप पावन महापर्व पूजन विद्वान आचार्यों द्वारा कराया जाएगा। इस आयोजन में आचार्य आकाश शास्त्री, आचार्य शेषनारायण चौबे भगवताचार्य, संतोष शर्मा, उमाशंकर शुक्ला ,प्रेमानंद महाराज खर्रा, माधव महाराज, आदित्य पांडे, अभिषेक शर्मा, नवीन शर्मा, पंडित कान्हा सिद्ध महाराज और तुषार महाराज आदि का सानिध्य शिव भक्तों को प्राप्त होगा। उक्त जानकारी देते हुए पंडित अभिषेक शर्मा ने बताया कि आयोजकों से संपर्क कर गोत्र परिवार के नाम से रुद्राभिषेक, शिवपूजन, कालसर्प पूजन और महामृत्युंजय जाप कराते हुए भक्तगण ब्राम्हण भोजन का लाभ भी ले सकते है।

## बिजनेस साइट

### सहेली ज्वेलर्स गांधी चौक दुर्ग में द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल का लें आनंद

**दुर्ग।** सहेली ज्वेलर्स के गांधी चौक दुर्ग, सिविक सेंटर भिलाई और बीएसपी मार्केट रिसाली स्थित शो रुम में 11 जुलाई से शुरू हुए 'द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल' में गोल्ड चेन की अद्भुत कलेक्शन ग्राहकों के लिए पेश किया गया है। 27 जुलाई तक चलने वाले इस 'द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल' में सभी आभूषणों के मेकिंग चार्जेज 5.5% शुरू हैं इसके साथ ही गोल्ड और डायमंड ज्वेलरी पर 100% एक्सचेंज के साथ डायमंड ज्वेलरी मेकिंग चार्जेस पर 100% तक की छूट दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि सहेली ज्वेलर्स के तीनों शो रूम में ट्रेडिशनल और मॉडर्न डिजाइन के हैवी और लाइट वेट ज्वेलरी सोने, हीरे, चांदी सहित कुंदन, पोलकी, डायमंड, जड़ाउ, टेम्पल ज्वेलरी के मनमोहक और लेटेस्ट डिजाइन के आभूषणों के साथ शो रूम में चेन और मंगलसूत्र के आकर्षक और लेटेस्ट डिजाइन के साथ ही बैंगल्स, ब्रेसलेट, रिंग्स, नेकलेस आदि का संग्रह उपलब्ध है। इसके साथ ही 100 प्रतिशत आईजीआई प्रमाणित डायमंड, गोल्ड की शुद्धता को मापने के लिए कैरोटोमीटर की सुविधा ग्राहकों को दी जाती है। 'द बिगेस्ट गोल्ड चेन फेस्टिवल' में सभी प्रकार के पारंपरित और डिजाइनर चेन की खरीदारी के लिए सहेली ज्वेलर्स के गांधी चौक दुर्ग, सिविक सेंटर भिलाई और बीएसपी मार्केट रिसाली स्थित शो रुम में विजिट किया जा सकता है।



### आईटीआई प्रवेश के लिए आवेदन आज तक

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त शासकीय आईटीआई में एनसीवीटी दिल्ली एवं एससीवीटी द्वारा मान्यता प्राप्त व्यवसाय/ ट्रेडों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 जुलाई बुधवार है। बीएम. प्राइवेट आईटीआई, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग, एनसीवीटी दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था है, जिसके अंतर्गत ट्रेड-कोपा (कंप्यूटर), इलेक्ट्रीशियन, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, स्टेनो हिंदी तथा फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट कोर्स संचालित हैI बी.एम. कॉलेज की स्थापना वर्ष 2008 में हुई है। संस्था का विगत वर्षों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। आरक्षित वर्ग हेतु संस्था में छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश हेतु निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन बी.एम. आईटीआई, गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग में आकर कर सकते हैं I ऑनलाइन आवेदन हेतु वेबसाइट विद्यार्थी फीस सुविधा अनुसार किस्तों में भी जमा कर सकते हैंI बी.एम. कॉलेज, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त संस्था है जिसके अंतर्गत - बीसीए, बीबीए, पीजीडीसीए एवं बीएड कोर्स संचालित होता है। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ओपन है।




### लक्ष्मण की पढ़ाई में बाधा नहीं बनेगी आर्थिक स्थिति, आगे आया समाज



**पाटन।** डीडिगा निवासी निर्धन होनहार छात्र लक्ष्मण चतुर्वेदी के आगे की पढ़ाई लिखाई करने के लिए आर्थिक स्थिति अब बाधा नहीं बनेगी। लक्ष्मण को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए कुछ समाज सेवियों और सामजिक संस्थाओं ने पहल की है। लक्ष्मण चतुर्वेदी के गांव जाकर एक समाजसेवी ने 2000 की राशि प्रदान की। वहीं भिलाई के एक मात्र सामाजिक शैक्षिक संस्था, सतनाम एजुकेशन फाउंडेशन (एसईएफ) के पदाधिकारियों ने बिना विलंब किए तीस हजार रुपए लक्ष्मण चतुर्वेदी को चेक के माध्यम से प्रदान किया है। कुछ सहायता राशि तहसील सतनामी समाज के सामाजिक जन और अन्य कुछ प्रबुद्ध जन के माध्यम से भी लक्ष्मण चतुर्वेदी को मिली है।

### भूमि-अधिग्रहण प्राधिकरण बनने से किसानों को मिलेगा न्यायः ढालेश



**उतई।** छत्तीसगढ़ में वर्षों से लंबित भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन प्राधिकरण के गठन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को दो महीने के भीतर आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। यह जानकारी देते हुए जनपद सदस्य एवं किसान नेता ढालेश साहू ने कहा श्सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश छत्तीसगढ़ के हजारों किसानों के लिए न्याय की उम्मीद लेकर आया है। प्राधिकरण के अभाव में किसान वर्षों से अपने मुआवजे और पुनर्वास की मांग को लेकर भटकते रहे, लेकिन अब उन्हें न्याय मिलने का रास्ता साफ हुआ है। श्री साहू के मुताबिक सर्वोच्च अदालत ने यह स्पष्ट किया कि यह विषय अब टालने योग्य नहीं है और यदि निर्धारित समय सीमा में आदेश का पालन नहीं किया गया, तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह याचिका सारंगढ़-बिलाईगढ़ निवासी बाबूलाल द्वारा एडवोकेट अभिनव श्रीवास्तव के माध्यम से दायर की गई थी, जिसमें कहा गया था कि राज्य सरकार वर्षों से भूमि अधिग्रहण प्राधिकरण का गठन नहीं कर पाई है। इस कारण मुआवजा और ब्याज से जुड़ी सैकड़ों अर्जियाँ अधर में लटकी हुई हैं, जिससे प्रभावित किसान और ज़मीन मालिक लंबे समय से परेशान हैं।

### सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र संसद का गठन

# उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है छात्र संसद



हरिभूमि न्यूज ▶▶जामगांव आर

सरस्वती शिशु मंदिर उमावि जामगांव आर में छात्र संसद का गठन किया गया। तत्पश्चात, बाल भारती एवं किशोर भारती कन्या भारती के पदाधिकारियों ने शपथ ली।

समारोह में प्राचार्य पीएल बारले, दर्पण भवन परिसर प्रभारी धनेश्वरी साहू, समर्पण भवन परिसर प्रभारी दिव्या चंद्राकर, समर्पण प्रथम तल परिसर प्रभारी प्रीति साहू, अर्पण भवन परिसर प्रभारी हाथेश्वर साहू, अनुशासन प्रभारी परमानंद टंडन, लिकेश्वर साहू,सुनीता सेन सांस्कृतिक प्रभारी कल्पना झरना, डामिन साहू और पुस्तकालय प्रभारी शशि यदु विशेष तौर पर उपस्थित थे। शपथ ग्रहण समारोह में प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में भावी नागरिक की झलक दिख जाती है और छात्र संसद उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला होती है।

इस दौरान अध्यक्ष-मोनिका ठाकुर उपाध्यक्ष-हुलेश साहू सेनापति-दीक्षा साहू उप-सेनापति- प्रणव मंत्री-चारूशिखा, अनुशासन एवं स्वच्छता प्रमुख-क्षमा एवं विराट,सांस्कृतिक प्रमुख-पूर्वी बंजारे,लोकाम्या, जल व्यवस्था प्रमुख-हर्षवर्धन क्रीडा प्रमुख-श्रीजल,वाहन प्रमुख-आयुष कक्षा प्रमुख- षष्ठ-पूर्वी सप्तम-रूद्र अष्टम-मोनिका उपप्रमुख षष्ठ-तृषा सप्तम-वीणा अष्टम-रुद्र चंद्राकर, किशोर भारती पदाधिकारी अध्यक्ष-आर्यन चंद्राकर उपाध्यक्ष-लोमस सोनवानी, सेनापति-पुष्पेंद्र चंद्राकर उप-सेनापति -गौरव साहू,मंत्री-गणेश अनुशासन एवं स्वच्छता प्रमुख-जयदीप, सांस्कृतिक प्रमुख-भूपेंद्र एवं निखिल जल व्यवस्था प्रमुख-पीयूष साहू क्रीडा प्रमुख-लुमेश साहू,वाहन प्रमुख-चमन सोनवानी कक्षा प्रमुख- नवम-कुमकुम दशम-नारायणी एकादश- साधना द्वादश-डाली उपप्रमुख नवम-तन्नु दशम-टिकेश्वरी एकादश-माधवी द्वादश-धात्री,कन्या भारती पदाधिकारी अध्यक्ष- सुभ्रा उपाध्यक्ष- डाली सेनापति-लोमिता, उप-सेनापति - हर्षिता साहू मंत्री-पूर्वी अनुशासन एवं स्वच्छता प्रमुख-साक्षी सांस्कृतिक प्रमुख-धात्री जल व्यवस्था प्रमुख-खुशी क्रीडा प्रमुख- उपासना एवं पलक वाहन प्रमुख-तानवी शामिल हैं। प्राचार्य ने सभी पदाधिकारियों से अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने आव्हान किया।

SBI भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र 2, सेक्टर - 1, भिलाई (छ.ग.)

भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र 2, भिलाई के अंतर्गत आने वाली एस.एम.ई. राजनांदगांव शाखा के लिए पट्टे किराया आधार पर 3000-3200 वर्गफीट व्यवसायिक परिसर (प्रमुखता भूतल, भवन में पार्किंग एवं दिव्यांगजन/वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा हेतु रैम्प/लिफ्ट का प्रावधान होना चाहिए) हेतु मालिकाना हक/पॉवर ऑफ एटार्नी धारकों से उसी परिक्षेत्र के अंतर्गत निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। अन्य विवरण तथा निविदा कागजात (तकनीकी बोली एवं निविदा बोली) डाऊनलोड करने हेतु कृपया बैंक की वेबसाइट www.sbi.co.in पर लिंक Procurement News के अंतर्गत दिनांक 23.07.2025 से दिनांक 07.08.2025 के बीच लाग-ईन करें। इच्छुक व्यक्ति अपनी निविदा बैंक में दिनांक 07.08.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में पूर्ण जानकारी सहित निम्न पते पर प्रस्तुत करें :- भारतीय स्टेट बैंक, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, क्षेत्र-2 सेक्टर-1 भिलाई (छ.ग.) इच्छुक व्यक्ति दिनांक 23.07.2025 से दिनांक 07.08.2025 के बीच इस कार्यालय में संपर्क करें। निविदाये प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 07.08.2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक होगी।

क्षेत्रीय प्रबंधक

# सड़क किनारे और नाले के ऊपर अतिक्रमण कर ठेला लगाने वालों पर कार्रवाई

## नेहरू नगर चौक के आसपास निगम ने चलाया अभियान, कब्जेधारियों को खदेड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नेहरू नगर चौक पर नाली के ऊपर अवैध कब्जा, सुपेला मार्केट एवं आकाशगंगा मार्केट में प्रस्तावित पार्किंग स्थल से अवैध कब्जा, आकाशगंगा मार्केट के मोड़ पर चल रहे ठेले, होटल एवं गुपचुप वालों पर कार्रवाई की गई। इसके कारण यातायात एवं आवागमन बाधित हो रही थी। नेहरू नगर चौक पर नाली के ऊपर अवैध रूप से दुकान संचालित कर ताला चाबी निर्माता, गुमटी एवं ठेला द्वारा नाली जाम कर दिया था। अवैध दुकान संचालकों को बार-बार मना करने के बाद न मानने एवं प्राप्त शिकायत के आधार पर आज खाली कराया गया। इसी तरह सुपेला आकाशगंगा मार्केट के अंदर पार्किंग स्थल का निर्माण प्रस्तावित है। वहां अवैध ठेला स्थापित करके व्यापार किया जा रहा था, उसे हटाया गया। लक्ष्मी नगर सब्जी मंडी में भी पार्किंग स्थल प्रस्तावित है, जिसका निर्माण होना है। इससे पार्किंग की समस्या से मुक्ति मिलेगी।



### कब्जा कर किया जा रहा था कारोबार निगम ने थमाया नोटिस

जानकारी के मुताबिक उक्त क्षेत्र में अवैध कब्जा करके व्यापार किया जा रहा था। निगम से इस मामले में शिकायत हुई। इसके बाद निगम अमला मौके पर पहुंचा। स्थल से कब्जा हटाकर जगह को रिक्त कराया गया। राजस्थानी व्यापारियों की मांग पर पार्किंग स्थल प्रस्तावित किया गया है, जिससे सड़क पर खड़ी हो रही गाड़ियों से निजात मिले। लोगों का आवागमन सुगम हो। कार्रवाई के दौरान अजय शुक्ला, प्रसन्न तिवारी तोड़फोड़ दस्ता, प्रभारी हरिओम गुप्ता विनोद शुक्ला नंदू सिन्हा इमान सिंह कन्नौज, खेमलाल, राजेंद्र कुमार सिंह विष्णु सोनी आदि उपस्थित थे।

### पहले भी दी जा चुकी है हिदायत फिर भी कब्जा

अधिकारियों ने बताया कि कब्जेधारियों को पहले भी हिदायत दी गई थी, लेकिन उनके द्वारा कब्जा नहीं हटाया गया। इसके बाद मंगलवार को निगम के तोड़ूदस्ता ने मौके पर पहुंचकर कब्जा हटाने की कार्रवाई की। मुख्य रूप से ठेला-खोमचे वालों को मौके से हटाया गया। दोबारा कब्जा करने पर जुर्माना कार्रवाई की चेतावनी दी गई। बता दें कि नेहरूनगर जोन कार्यालय द्वारा हर मंगलवार कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### शहर के गार्डनों में चलेगा पौधारोपण अभियान

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन क्षेत्र के उद्यानों की साफ-सफाई कार्य निरंतर जारी है। पर्यावरण संरक्षण एवं उद्यानों को हरा-भरा रखने गाजर घांस, अनावश्यक फैले शाखाओं की कटाई-छटाई कराया जा रहा है। जिससे उद्यानों के रिक्त स्थलों पर वृक्षारोपण किया जा सके। उद्यान विभाग में कार्यरत प्लेसमेंट/नियमित कर्मचारी उद्यान अधिकारी एवं सहायक उद्यान अधिकारी के निर्देशानुसार कार्य कर रहे है। बरसात के दिनों में पर्यावरण के अनुकूल एवं प्रजातिवार पौधे रोपित किया जा रहा है। डिवाइडरो में भी शोभायमान एवं फूलदार पौधे लगाए जा रहे है, जिससे शहर की सुन्दरता को बरकरार रखा जा सके। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के समाजसेवी संस्थाओ, समितियों एवं आम नागरिको से अपील किए है कि उद्यान विभाग के नर्सरी में पौधे उपलब्ध है। अधिकारी के नाम से आवेदन कर पौधे प्राप्त कर सकते है और अपने घरो, गली-मोहल्लो जहां भी रिक्त स्थल है, वहां पौधे लगाकर उसकी सुरक्षा स्वयं के देखरेख में कर सकते है। पर्यावरण प्रेमियों के लिए यह बहुत ही अच्छा मौका है, पर्यावरण से जुड़कर कार्य करें और हरियाली बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

## महारत्न की अन्य कंपनियों से वेतन है कम, चुनौतियां अधिक

# सेल में बढ़ रहा ग्रेन डेन, बीएसपी में अधिकारियों का पलायन सर्वाधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक इस्पात कंपनी सेल (स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) के अधिकारियों को अन्य पीएसयू से कम वेतन होने का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। कम वेतन के कारण सेल के अधिकारी अन्य कंपनियों में पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं। भिलाई इस्पात संयंत्र से नौकरी छोड़कर जाने वालों की तादाद सेल में सर्वाधिक है।

उल्लेखनीय है कि सेल सहित दर्जनभर से अधिक सार्वजनिक उपक्रमों को भारत सरकार ने महारत्न का तमगा दे रखा है। लेकिन वेतन को लेकर सेल के साथ भेदभाव किया जा रहा है। गेल,भेल, ओएनजीसी आदि सार्वजनिक महारत्न कंपनियों की तुलना में सेल में कार्मिकों और अधिकारियों को वेतन व सुविधाएं कम हैं। अधिकारी संगठनों द्वारा पिछले कई सालों से पीएम व इस्पात मंत्री से लेकर सेल चेयरमेन से वेतन और सुविधाएं बढ़ाने की मांग की जा रही है लेकिन अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिए गया है। इसका चौतरफा नुकसान हो रहा है। सबसे बड़ा नुकसान ग्रेनडेन का है। यानी कम वेतन के चलते सेल से क्रीम प्रतिभाओं का पलायन बढ़ रहा है। पिछले दस साल के दौरान सेल के दो से तीन हजार अधिकारी व डिप्लोमा इंजीनियर आदि नौकरी छोड़कर अन्य महारत्न या मल्टीनेशनल कंपनियों में ज्वाइन कर चुके हैं। इनमें सबसे ज्यादा करीबन दो सौ से अधिक अधिकारी व डिप्लोमा इंजीनियर बीएसपी के हैं। कम वेतन की उपेक्षा झेल रहे अधिकारियों को अन्य महारत्न कंपनियों की अधिक सेलरी और सुविधाएं इन्हें आकर्षित कर रही हैं। सेक्टर नौ हास्पिटल में डाक्टरों के जाने व ज्वाइन नहीं किए जाने की वजह कम वेतन है। बीएसपी ओए व सेफी चेयरमेन एनके बंछोर बताते हैं कि सेल मेंवर्ष 2003 के बाद अधिकारियों का पलायन का प्रतिशत कम हुआ है लेकिन अधिकारियों के मन में सरकार द्वारा चौथा पे रिवीजन कमेटी अब तक गठित नहीं किए जाने की बात है। वेतन बढ़ाने कमेटी जल्द गठित करने की जरुरत है।

### नहीं मिलता माइंस एलाउंस



### सेल में अफोर्डेबिलिटी क्लाज है ब्रेकर

सेल में अधिकारियों के वेतन स्ट्रक्चर को लेकर सरकार का नियम अफोर्डेबिलिटी क्लाज का है। इसके अनुसार लगातार तीन साल कंपनी के निर्धारित मानक के अनुरुप प्राफिट होने पर ही वेतन बढ़ाया जाएगा। पिछले कई साल से स्टील अथारिटी आफ इंडिया सेल इस स्थिति में नहीं पहुंच पाया है। 2021 में सेल में वेतन जरुरु बढ़ाया गया है लेकिन आज भी ओएनजीएसी( इंडियन आंयल एंड नेचुरल गैस कारपोरेशन) और गेल ( गैस अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) जैसी अन्य महारत्न कंपनियों से सेल में अधिकारियों का वेतन व सुविधाएं कम हैं।

### सुविधाएं कम चुनौतियां अधिक

सेल में वेतन सुविधाओं कम होने के अलावा चुनौतियां अधिक हैं। अधिकारियों व डिप्लोमा इंजीनियरों के नौकरी छोड़कर जाने की एक वजह यह भी है। रेगुलर डिप्लोमा इंजीनियर का वेतन मात्र 60 से 65 हजार है। जबकि अन्य में 75 हजार से अधिक है। फिर सेल में अधिकारियों के सामने चुनौतियां अधिक हैं। हार्ड वर्किंग होने के साथ प्रमोशन कवरेज भी कम हैं। आउटसोर्सिंग बढ़ने से निजीकरण की तलवार लटकने से जांब सिक्योरिटी कम है। मेडिक्लेम की विसंगित है। फेरो स्करेप निगम लि. का निजीकरण सामने हैं। बीएसपी राउरकेला आदि में मेडिकल सुविधा में गिरावट आई है। फेरोस्क्रेप निगम लिमिटेड का निजीकरण ताजा उदाहरण है।

### चौथा पे रिवीजन कमेटी गठित होने से बढ़ेगा मनोबल

“ सेल में वर्ष 2021 में वेतनमान बढ़ने के बाद वेतन थोड़ा ठीक हुआ है लेकिन कुछ महारत्न कमंपनियों से अभी भी कम है। 2027 में चौथा पे रिवीजन होना है लेकिन अब तक सरकार ने पे रिवीजन कमेटी का गठन नहीं किया है। कमेटी जल्द गठित होने पर प्राफिट के हिसाब से वेतन बढ़ने से सेल कार्मिकों व अधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा।

**एनकें बंछोर,**
अध्यक्ष , बीएसपी ओए व सेफी

# भिलाई निवास में तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

■ हेड्स ऑफ मटेरियल्स मैनेजमेंट मीट पर होगा मंथन

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के विभिन्न संयंत्रों के सामग्री प्रबंधन विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की तीन दिवसीय हेड्स ऑफ मटेरियल्स मैनेजमेंट (एचओएमएम) मीट एवं इन्वेंट्री मैनेजमेंट पर केंद्रित कार्यशाला मंगलवार से भिलाई भिलाई निवास में शुरू हुई । यह कार्यक्रम 24 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है । आयोजन बीएसपी के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा किया गया है।

तीन दिवसीय मीट का उद्‌घाटन कार्यपालक निदेशक सेल कॉर्पोरेट कार्यालय एसजे अहमद और बीएसपी के कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक पी सुब्बा राव व केसी मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला में बर्नपुर, बोकारो स्टील प्लांट, राउरकेला स्टील प्लांट दुर्गापुर स्टील प्लांट और एलॉय स्टील प्लांट, दुर्गापुर; सलेम स्टेनलेस प्लांट; चंद्रपुर फेरो एलॉय प्लांट; भद्रावती स्थित वीआईएसएल; मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्‌यूट, रांची; सेल कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली तथा बीएसपी के 25 वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं।

### क्रियाशील नीतियों का करेंगे निर्माण

श्री अहमद ने कहा कि कार्यशाला के माध्यम से हम उन मूलभूत प्रक्रियाओं, दिशानिर्देशों, चुनौतियों और अवसरों का मूल्यांकन करेंगे और व्यावहारिक और क्रियाशील नीतियों का निर्माण करेंगे, जिससे इन्वेंट्री मैनेजमेंट सिस्टम और अधिक विश्वसनीय, कुशल और सुदृढ़ बन सके।श्री चक्रवर्ती ने कहा कि यह मीट हमें ऐसे व्यावहारिक मुद्दों पर विचार करने और संयुक्त रणनीति विकसित करने का अवसर देती है। इससे हम इन्वेंट्री मैनेजमेंट की दक्षता को बढ़ा सकें। बाद सभी प्रतिभागियों ने अपना परिचय दिया और उन्हें कार्यशाला की रूपरेखा अनुसार तीन टीमों में विभाजित किया गया। संचालन महाप्रबंधक प्रभारी महेन्द्र कुमार कुलकर्णी ने किया व धन्यवाद ज्ञापन भी प्रस्तुत किया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागी सामग्री प्रबंधन विशेषकर मटेरियल्स मैनेजमेंट से जुड़ी विभिन्न नीतियों, इन्वेंट्री प्रबंधन की मानक प्रक्रियाओं, बजट नियंत्रण तथा नीतिगत ढांचे जैसे विषयों पर केंद्रित सत्रों में भाग लेंगे। इन सत्रों के माध्यम से प्रतिभागी इन्वेंट्री प्रबंधन से संबंधित अंतरालों की पहचान कर सकेंगे और सेल की समग्र प्रणाली में आवश्यक सुधार के लिए व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत करेंगे।

## लूटपाट करने वाले तीन युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** मोबाइल लूटपाट करने वाले तीन युवक व एक अपचारी बालक को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम कोड़िया नंदिनी निवासी किशन निर्मलकर 20 जुलाई की शाम बाइक से पिताजी को लेने हथखोज भिलाई 3 जा रहा था। इस दौरान सुरडुंग रोड शासकीय स्कूल के पास पहुंचते ही बाइक सवार युवकों ने रोककर पीड़ित पर चाकू टिका दिया। पीड़ित से आरोपियों ने मोबाईल, पर्स से ढ़ाई हजार रुपए लूटकर फरार हो गए। शिकायत के बाद पुलिस ने सूचना मिलते ही संदेहियों की तलाश में जुट गई। सीसी कैमरों को खंगालने पर हुलिया को पीड़ित ने पहचान लिया। मुखबिर ने सूचना दिया कि संदेही ग्राम खेरधा निवासी अरूण जोशी को पकड़ा गया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि अपने दोस्त ग्राम सुरडुंग रोशन देवांगन, भाठापारा खेरधा आशीष कुमार जोशी और एक अपचारी बालक के साथ मिलकर लूटपाट करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने मोबाईल, नगदी 10 हजार 500 रूपये जब्त किया। कार्रवाई में जामुल टीआई राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## दुर्घटना बीमा के नाम पर 13.97 लाख रुपए ठगने वाला डायरेक्टर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



दुर्घटना बीमा के नाम पर 3500 रुपए जमा कराकर 3 साल में 35 लाख रुपए देने का झांसा देककर 13.97 लाख रुपए ठगने वाले टुलिप ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर प्रकाश चंद जैन को पुलिस ने पकड़ा।

आरोपी एक अन्य मामले में भोपाल जेल में निरुद्ध था। दुर्ग पुलिस ने प्रोटक्शन वारंट के जरिए उसे लाया। उसे दुर्ग कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस रिमांड में दिया गया है। छावनी पुलिस ने बताया कि टुलिप ग्लोबल प्रायवेट लिमिटेड के डायरेक्टर आरोपी प्रकाश चंद जैन ने दुर्घटना बीमा का लुभावना सपना दिखाकर निवेश करने पर ज्यादा लाभ मिलने का आश्वासन देकर प्रार्थी से 3500 रुपए लिए। उसने 3 वर्ष में 35 लाख रुपए मिलने की बात कही। 57 निवेशको से 13,97,000 रुपए वसूले गए। मामले में छावनी पुलिस ने 2016 में अपराध दर्ज किया। आरोपी के विरुद्ध धारा 420, 34 के तहत चिटफंड एवं धन परिचालन स्कीम अधिनियम 1978 की धारा 3, 4, 5 के तहत अपराध दर्ज किया। आरोपपी ने टुलिप ग्लोबल चिटफंड कम्पनी का नाम टुलिप ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड जयपुर में 2008 के नाम से खोला गया था। टुलिप ग्लोबल प्रयवेट लिमिटेड कम्पनी अजमेर, दुर्ग, इंदौर , हरियाणा, भोपाल, जयपुर एवं अन्य जगहों पर अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। आरोपी प्रकाश चंद जैन पिता जमुना लाल जैन पता जयपुर के बनाए गए कंपनी को राजस्थान सरकार द्वारा बैन कर दिया था।

### चिटफंड के इस मामले में अब तक ये आरोपी पहले पकड़े जा चुके

पुलिस ने बताया कि प्रभुदयाल उजाला उम्र 49 वर्ष उजाला भवन स्टेशन रोड दुर्ग, मनोज सोनी उम्र 45 वर्ष शास्त्री मार्केट शॉप नं. 91 ए भिलाई, सुरेश सोनी उम्र 45 वर्ष कैम्प 02 को गिरफ्तार किया चुका है। पूर्व में न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। डायरेक्टर प्रकाश चंद जैन वर्तमान मे थाना एसटीएफ के अपराध मे भोपाल जेल मे निरूद्ध था। पूछताछ के लिए छावनी मे दो दिन पर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया है। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

## टाउनशिप में मूसलाधार बारिश से क्वार्टरों में फिर भरा पानी

**भिलाई।** मंगलवार को शहर में हुई मूसलाधार वर्षा ने एक बार फिर टाउनशिपवासियों को मुसीबत में डाल दिया। सुबह 10.30 बजे से सवा बारह बजे तक हुई लगातार बारिश से पूरा सेक्टरी इलाका पानी पानी हो गया। जलभराव की समस्या से आने जाने वालों और रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।



सड़कों और पब्लिक प्लेस के आसपास और आवासीय ब्लाकों के सामने और पीछे परिसर में पानी भर जाने से कई क्वार्टरों में पानी भर गया। सेक्टर 6,7 सेक्टर 4 और सेक्टर 8 आदि के पचासों आवासों में पानी की समस्या से लोग जूझते रहे। रहवासियों ने बताया कि ब्लाकों के पीछे बेकलेन सफाई नहीं होने से पीछे परिसर में पानी भर जाने से चेंबर में ओवरफ्लो होने लगा। पानी निकासी बंद हो जाने से कई क्वार्टरों के कमरों, रसोई, टायलेट व बैठक में आधा फीट पानी भर गया। पिछले हफ्ते तीन दिनों तक हुई बारिश से भी ऐसी ही जलभराव की समस्या पैदा हुई थी। इसके बाद भी बीएसपी ने बेकलेन सफाई की न ही जर्जर आवासों की मरम्मत की।

## जलजनित एवं मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए भिलाई निगम चला रहा अभियान

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन क्षेत्र में जनजनित बीमारियों से बचाव हेतु सार्वजनिक एवं निजी कुंओं में ब्लीचिंग पाउडर का घोल डाला जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग का अमला डेंगू, मलेरिया के रोकथाम हेतु पानी मिश्रित टेमिफास तथा रूके हुए पानी में जला आयल का छिड़काव किया जा रहा है। साथ ही मच्छर उन्मूलन टीम वार्डो में जाकर घरों के कुलर, गमले, पानी की टंकियों की जांच कर रहे हैं। पानी मिश्रित टेमिफास, मैलाथियान का छिड़काव किया जा रहा है। इससे बरसात के समय फैलने वाले बिमारियों की रोकथाम किया जा सके। नागरिको को भी पानी छानकर भरने एवं उबालकर पीने की सलाह दी जा रही है।

### पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से- 11 नवंबर से 17 नवंबर 2025, 2 मई से 8 मई 2026
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार, मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि: स्लीपर-9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी-21,500/ (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

## निर्माण में भ्रष्टाचार और जनता के पैसों का दुरुपयोग का मामला, धरने पर पार्षद

# पार्षदों की मांग पर निगम कमिश्नर ने बनाई जांच टीम, रिपोर्ट हफ्ते भर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई नगर निगम अंतर्गत जोन 1 कार्यालय में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे निर्दलीय पार्षदों का धरना दूसरे दिन समाप्त हो गया। उनकी मांग को देखते हुए भिलाई निगम के प्रभारी आयुक्त भागीरथी वर्मा ने एक जांच टीम बनाई। उन्होंने आश्वासन दिया कि टीम एक सप्ताह में जांच कर रिपोर्ट उन्हें देगी। जांच में गलत पाए जाने पर संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी।

भिलाई नगर निगम के पार्षद हरिओम तिवारी ने बताया कि वो भिलाई नगर निगम द्वारा अच्छी गुणवत्ता वाले पुराने पोल को उखाड़कर घटिया क्वालिटी के नए पोल लगाए जा रहे हैं। उसमें केवल महापौर और विधायक का फोटो लगाकर उन्हें खुश करने का काम किया जा रहा है। पुराने पोल निकालने से पहले उनका भौतिक सत्यापन भी नहीं किया गया।

इसके साथ ही भेलवा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए 25 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के बाद भी उसका टेंडर नहीं लगाया जा रहा है। नेशनल हाइवे के किनारे सुपेला क्षेत्र में जो नाली बनाई जा रही है, उसमें भी भ्रष्टाचार हो रहा है। नाली का ना तो सही बेस तैयार किया गया ना लेवलिंग की गई और न मानक के मुताबिक लोहे का रॉड लगाया गया है। धरने में दूसरे दिन वार्ड 2 की पार्षद चंदेश्वरी बांधे, वार्ड 6 पार्षद रवि शंकर कुर्रे, वार्ड 9 पार्षद पति राजू साहू और वार्ड 51 के पार्षद पति जितेंद्र बंजारे सहित अन्य लोग मौजूद रहे।





### अधीक्षण अभियंता की निगरानी में जांच करेगी टीम

धरने पर बैठे पार्षदों को मनाने के लिए प्रभारी निगम आयुक्त भागीरथी वर्मा और जोन 1 के आयुक्त अजय राजपूत मंगलवार को पहुंचे। आयुक्त ने कहा कि वो निगम के अधीक्षण अभियंता की निगरानी एक जांच टीम तैयार करवाएंगे। दो दिन के अंदर टीम गठित हो जाएगी। इसके बाद टीम एक सप्ताह में तीनों मामले की जांच करके रिपोर्ट निगम आयुक्त को सौंपेगी। इस आश्वासन के बाद सभी पार्षदों ने अपना धरना समाप्त किया।

04


लेटेस्ट डिजाइंस सूट स्टाइल कर पा सकती हैं परफेक्ट ट्रेडिशनल लुक

## लाइव इवेंट

### पंचशील पंजाबी समाज के नए अध्यक्ष चुने गए मल्होत्रा



**भिलाई।** पंचशील पंजाबी समाज की वार्षिक आमसभा सुपेला कॉफी हाउस में रखी गई। जिसमें अध्यक्ष के तौर पर नरेश खोसला का तीन वर्षीय कार्यकाल पूरा होने पर चुनाव अधिकारी बलबीर सहगल की निगरानी में नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव हुआ। इस दौरान कैलाश मल्होत्रा को अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुन लिया गया। उपस्थित लोगों ने नए अध्यक्ष कैलाश मल्होत्रा को बधाईयां दी। श्री मल्होत्रा ने पूर्व अध्यक्ष नरेश खोसला की विशिष्ट सेवाओं के लिए शाल और रामदरबार भेंट कर उनका सम्मान किया। समाज की नई कार्यकारिणी में अध्यक्ष कैलाश मल्होत्रा, महासचिव जितेन्द्र उप्पल, कोषाध्यक्ष राम ओबेरॉय, उपाध्यक्ष राकेश मल्होत्रा, संयुक्त सचिव उमेश ग्रोवर, कार्यकारी सदस्य भूषण अधलखा और हेमंत सोनी, मुख्य समन्वयक अजय भसीन चुने गए। वहीं संरक्षक के तौर पर मार्गदर्शन के लिए सभी पूर्व अध्यक्ष एवं प्रतिष्ठित सदस्यों को शामिल किया गया है और एसोसिएशन की विशिष्ट गतिविधियों और सदस्यों के कल्याण के लिए उप-समितियाँ गठित की गई। समापन अवसर पर आभार इलेक्शन ऑफिसर बलबीर सहगल ने दिया।

## सिटी इवेंट

### मानसिक विक्षिप्त और बेसहारों को वितरित किये जरुरत के सामान




**भिलाई।** सामाजिक उत्थान के लिए दिशा संस्था सेक्टर-3, भिलाई स्थित मानसिक रूप से विक्षिप्त, बेघर एवं बेसहारा लोगों की सेवा में अपना कदम आगे बढ़ाते हुए सेवा कार्य किया। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने समाज के इन तिरस्कृत और उपेक्षित लोगों की देखभाल कर रही संस्था फील परमार्थ फाउंडेशन में पहुंचकर उन लोगों के दैनिक उपयोग के लिए विभिन्न साइज के डायपर, साफ सफाई के लिए फिनाइल, फल एवं दैनिक उपयोग की अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की। इस दौरान संस्था की ओर से जीएस संधू, राजेश धारकर, रामानुजन राजू, जवाहर, सुजीत चक्रवर्ती, भास्कर देवनाथ, बापी दास, उत्तम डे, देबाशीष मजूंमदार, अंजन राय चौधरी, कल्याण राय, प्रमोद खरालकर, मोहन गिरी सहित कई सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर दिशा संस्था के शांतनु दासगुप्ता ने फील परमार्थ फाउंडेशन के संस्थापक इंजी. अमित राज का परिचय देते हुए कहा कि "जहाँ समाज मुंह मोड़ लेता है, वहां अमित राज जैसे युवा पिछले 7 वर्षों में गंदगी, दुर्गंध और उपेक्षा में जी रहे 150 मानसिक रूप से विक्षिप्त लोगों को सहारा दिया है। अभी उनका फाउंडेशन 86 लोगों को सेवा दे रहा हैं। इनके जीवन में रोशनी लाने का जो प्रयास है, वह मानवता की सच्ची मिसाल है। श्री दासगुप्ता ने संस्था के सामाजिक चेतना जागृत करने के विभिन्न कार्यक्रम में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने के लिए तत्पर दानदाताओं एवं पथप्रदर्शकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विशेष रूप से टीम की रीता दास, भवानी, झरना तथा अर्चना सारंगी और छात्रों ने भी इस नेक काम में श्रमदान किया।

दिशा संस्था के डॉ. सुरेश शर्मा ने भी आश्वस्त किया कि संस्था भविष्य में भी इस तरह की सेवाओं को और अधिक विस्तार देने की दिशा में काम करेगी। ऐसे कार्यों से ही समाज में सच्चा बदलाव आता है। समाज के युवा पीढ़ी को भी प्रेरणा मिलती हैं।

### बच्चों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने किया पौधारोपण, मनाई हरेली




**भिलाई।** मां सरदा पब्लिक स्कूल में पौधरोपण और हरेली जागर का आयोजन किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में पवन शर्मा, नरेंद्र बंछोर, तुषार सिंह, परविंदर सिंह, आशा साव और संजुरेखा सारंगी द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर वीणा साहू, लोकेश्वरी भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समन्वय अधिरानी घोष एवं एस. के. पांडे द्वारा किया गया। वृक्षारोपण के बाद हरेली जागर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मा सरदा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर के मुख्य अतिथि पार्षद सीजू एंथनी सपत्निक उपस्थित थे। इस दौरान सीजू ने कहा कि माँ सरदा एवं विवेकानंद हाउस के द्वारा शाला में वंचित वर्ग के बच्चों को कम शुल्क में तथा अत्यंत गरीब विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान किया जा रहा है, जो कि सराहनीय है। बच्चों ने भी पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के आयोजन में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

● सावन उत्सव की तैयारी में जुटीं महिलाएं, साड़ियों और ज्वेलरी दुकानों में बढ़ी रौनक

# हरियाली थीम पर सजे सावन बाजार, झूले से लेकर सोलह श्रृंगार तक महिलाओं में बढ़ा क्रेज, बाजार हुए गुलजार

**सावन की हरियाली संग सुहाग का प्रतीक पर्व हरियाली तीज इस बार 27 जुलाई, रविवार को मनाया जाएगा। इसे लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं अभी से 16 श्रृंगार से लेकर झूला और अन्य चीजों को आकर्षक बनाने के लिए बाजार से खरीदी कर रही हैं। इसे लेकर दुर्ग भिलाई के बाजार भी पूरी तरह से तैयार हैं।**

**भिलाई।** श्रावण शुक्ल पक्ष की तृतीया को पड़ रही तीज पर रवि योग बन रहा है, जिससे पर्व की शुभता और भी बढ़ गई है। शहर की गलियों से लेकर पूजा बाजार तक तीज की तैयारियों का उत्साह साफ झलक रहा है। महिलाओं में हरे वस्त्रों, सोलह श्रृंगार और मेहंदी की खासी धूम है। ज्योतिषियों ने बताया कि महिलाएं इस दिन व्रत रखकर अपने पतियों की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना करती हैं, वहीं कुंवारी कन्याएं योग्य वर के लिए भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करती हैं। सुहागिन महिलाओं के लिए सावन का महीना किसी पर्व से कम नहीं होता। इस वर्ष सावन की शुरुआत 11 जुलाई से हो चुकी है और शहर में इसकी तैयारियां कई दिनों पहले से ही जोर से चल रही हैं। विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाएं इस बार सावन उत्सव को नए अंदाज में मनाने की भी तैयारी कर चुकी हैं और आयोजन भी शुरू हो चुके है साथ ही बाजार भी सावन के रंग में पूरी तरह रंग चुका है।



### लहरिया और मारवाड़ी ज्वेलरी का बढ़ा क्रेज

सेक्टर 7 की जया दुबे ने बताया कि इस वर्ष उन्होंने हरे रंग की लहरिया साड़ी और मारवाड़ी ज्वेलरी के साथ उत्सव में शामिल होने की योजना बनाई है। कार्यक्रमों में पारंपरिक मारवाड़ी आउटफिट के साथ थीम-बेस्ड मेहंदी भी लगाई जाएगी। वहीं कंचन द्विवेदी का कहना है कि उनकी कॉलोनी में गार्डन और सावन झूला थीम पर आधारित आयोजन होंगे, जिसके लिए उन्होंने ग्रीन थीम पर सफेद जगरा प्रिंट वाली साड़ी तैयार कराई है।

### मारवाड़ी, कुंदन, राजस्थानी ज्वलेरी की डिमांड

इन दिनों महिलाएं राजस्थानी, मारवाड़ी, कुंदन और वेस्टर्न ज्वेलरी खरीदना पसंद कर रही हैं। पावर हाउस से दुकान संचालक और सेक्टर 6 ए मार्केट के एक दुकान संचालक ने बताया कि महिलाएं हैवी आउटफिट के साथ डिफरेंट लुक ज्वेलरी खरीदना पसंद कर रही हैं। मांग टीका, बिंदिया और झुमका की डिमांड को देखते हुए दुकान में इसकी खासी वरायटी मंगाई गई हैं। देखने में ये आ रहा है कि महिलाएं एक ही डिजाइन और रंग की ज्वेलरी की खरीदी करना पसंद कर रही है।





### चूड़ी दुकानों पर उमड़ रही महिलाओं की भीड़

सावन के पहले से ही सुहागिन महिलाओं की खरीदारी शुरू हो चुकी थी। अभी भी लगातार हरे आउटफीट के साथ ज्वेलरी और हरे रंग की चूड़ियां पसंद कर रही हैं। इन दिनों कांच की चूड़ी व कंगन की खरीदी सुहागिन महिलाएं करती है। जो सुहाग के रूप में अन्य महिलाओं को उपहार के तौर पर देना पसंद करती हैं। पावर हाउस, सेक्टर 6 ए मार्केट, सुपेला, आकाशगंगा, रिसाली, दुर्ग इंदिरा मार्केट के बाजारों में मंगलवार को काफी रौनक देखने को मिली।

### झूला सजाने फूलों की एडवांस बुकिंग

सावन में तीज के त्यौहार की तैयारियां शुरू हो गई हैं और बाजारों में रौनक दिखाई दे रही है। हरियाली तीज, जो कि सावन के महीने में मनाई जाती है, महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण त्यौहार है, जिसमें वे सोलह श्रृंगार करती हैं, मेहंदी लगाती हैं और झूला झूलती हैं। महिलाएं इस बार खासतौर पर झूला सजाने के लिए हरे रंग के फूलों की एडवांस बुकिंग करा रही हैं। वहीं हरियाली की थीम में सजने के लिए सोलह श्रृंगार की चीजें जैसे झुमके, चूड़ियां, बिंदी, साड़ी और अन्य श्रृंगार सामग्री हरे रंग में विशेष रूप से खरीदी जा रही हैं। हरिभूमि से बातचीत में कई महिलाओं ने बताया कि वे सावन के पहले सोमवार से ही सावन उत्सव की शुरुआत कर चुकी है। खास बात ये है कि इस बार छत्तीसगढ़ के साथ-साथ अन्य राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में सजकर महिलाएं कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। बाजार में थीम बेस्ट चीजों की बिक्री इन दिनों बढ़ गई है। सावन में झूले को भी आकर्षक रूप से सजा रहे है।



### सावन मिलन को लेकर तैयारी जोरों पर

कॉलोनियों, महिला क्लबों और सामाजिक संगठनों की ओर से सामूहिक सावन मिलन कार्यक्रमों की तैयारी भी जोरों पर की जा रही है। इन आयोजनों में सावन झूला, हरे रंग की थीम पर आधारित ड्रेस कोड, गीत-संगीत, पारंपरिक खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित आने वाले दिनों में होंगी। दुकानदारों के अनुसार, इस वर्ष महिलाओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए एक जैसे रंग और डिजाइन की साड़ियां, ज्वेलरी उपलब्ध कराई गई है, जो काफी लोकप्रिय हो रही है।

## पार्थिव शिवलिंग का पंच द्रव्यों से किया रुद्राभिषेक विशेष श्रृंगार कर की सामूहिक महाआरती, जुटे लोग

**भिलाई।** सरयूपारीण ब्राम्हण समाज महिला प्रकोष्ठ भिलाई-दुर्ग द्वारा समाज के भवन स्मृति नगर में सावन माह में भगवान भोलेनाथ का सामूहिक रूद्राभिषेक किया गया। जिसमें समाज के सभी महिला प्रकोष्ठ के सदस्य और सरयू पारीण ब्राम्हण समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी सुनील मिश्र और अन्य सदस्यों द्वारा शिव रूद्राभिषेक पंच द्रव्यों से करते हुए विशेष श्रृंगार किया और उज्जैन महाकाल की तर्ज पर महाआरती की गई।

इस अवसर पर भजन-कीर्तन भी किये गए। रूद्राभिषेक में प्रमुख रूप से समाज के महासचिव रामलखन मिश्र, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रीति दुबे, लालिमा तिवारी, ममता मिश्रा, दिनेश मिश्रा,शशि प्रभा मिश्र,रेखा शर्मा, दीपिका शर्मा, प्रीति पांडे, मानक पांडे, रुक्मणि मिश्र, अन्नू पांडे, रीता शर्मा, एकता मिश्र, किरण दुबे, पूनम उपाध्याय, सुनील मिश्र ,सुभाष चंद्र तिवारी, नर्मदा प्रसाद मिश्र, रामबिलास मिश्रा, रितेश मिश्र, जय पांडे, राधा कृष्ण पांडे, रामायण मिश्र, धर्मेंद्र उपाध्याय, कैलाश पाठक, जे के पांडे, प्रवीण तिवारी, बसंती पांडे, समीरा तिवारी, शुभांगी मिश्र सहित महिला प्रकोष्ठ की सदस्याओं ने बाबा का विशेष श्रृंगार किया और श्रावण मास के गीत भी गए। महाआरती के बाद भोग प्रसाद का वितरण भी किया गया।





## पुस्तक विमोचन व संगोष्ठी का आयोजन कल, सावन और हरेली पर्व पर काव्य पाठ

■ साहू मित्र सभा भिलाई के सभागार में होगा आयोजन

**भिलाई।** साहू मित्र सभा भिलाई के सभागार में गुरुवार को दोपहर 3 बजे से साहित्य प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पुस्तक विमोचन, वृक्षारोपण और काव्य गोष्ठी आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम के प्रथम सत्र में डा दीनदयाल साहू की कृति छत्तीसगढ़ी व्यंग्य संग्रह कलंकपुर के कलंक का विमोचन किया जाएगा। डॉ दीनदयाल साहू की छत्तीसगढ़ी और हिन्दी में विभिन्न विधाओं में 18 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनोद साव राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त व्यंग्यकार रहेंगे। अध्यक्षता साहू मित्र सभा भिलाई के अध्यक्ष खेद राम साहू करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में डॉ वेदवती मंडावी प्रांतीय अध्यक्ष प्रगति महिला गोंडवाना समाज, डॉ डी पी देशमुख संपादक कला परम्परा भिलाई, डा ऋचा ठाकुर प्राचार्य शासकीय नवीन संगीत महाविद्यालय दुर्ग और मणि मेखला शुक्ला प्राध्यापक राजनीति विज्ञान कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय भिलाई होंगे। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में काव्य गोष्ठी आयोजित की जाएगी। जिसमें अंचल के कवियों द्वारा सावन और हरेली पर्व पर काव्य पाठ की जाएगी।कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता, साहित्यिक प्रेमी जन, अंचल के साहित्यकार तथा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन जागृति सार्वा और आभार प्रदर्शन लालजी साहू करेंगे।

संयुक्त महिला समिति रिसाली का आयोजन

# चूड़ी जो खनकी हाथों में, बरसों रे मेघा सावन गीतों में दी शानदार प्रस्तुति, सावन क्वीन बनी के सविता और शिप्रा मंडल

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** बरसो रे मेघा-मेघा..., चूड़ी जो खनकी हाथों में..., मेघा रे मेघा, मेरा मन तरसा...चूड़ी भी जिद पे आई है,,जैसे सावन के गीतों पर महिलों की शानदार प्रस्तुतियों ने खूब तालियां बटोरी। अवसर था संयुक्त महिला समिति प्रगति नगर रिसाली द्वारा आयोजित सावन उत्सव के आयोजन का। इस अवसर पर सावन तीज क्वींन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी जिसमें 45 और 55 से ऊपर आयु वर्गो में के सविता और शिप्रा मंडल विजेता बनी। इस दौरान नृत्य, गायन, म्यूजिकल चेयर, मेहंदी व चूड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



### महिलाओं ने जमकर किया डांस

मस्ती से भरे इस गीत में महिलाओं ने जमकर डांस किया। जिसमें सावन के गीतों पर महिलाओं ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर किया। प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को उपहार भी दिए गए। एक ओर मेहंदी का स्टाल और दूसरी ओर चूड़ियों की खनकार इसके साथ ही गूंजता गीत... काला शा काला मेरा काला है सरदार गोरियां नू दफा करो..। कार्यक्रम में अतिथि डीएसपी मोनिका पाण्डे, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, स्वयंसिद्धा डायरेक्टर सोनाली चक्रवर्ती, डॉ भावना जायसवाल और विभिन्न प्रतियोगिताओं में जज के रूप में इप्शिता मुखर्जी, रीमा देव उपस्थित रही।

### अवंती उद्यान में हुआ सावन मिलन



मैत्री कुंज के अवंती उद्यान में सावन मिलन का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ युवा जन कल्याण गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आनंद खरालकर ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई थी।

### सावन क्वीन बनी के सविता व मंडल

सावन क्वीन अप टू 55 ऐज ग्रुप मे के सविता, फर्स्ट रनअप चैताली भवाल, सेकेंड रनरअप अरुणा लिंगाला, बेस्ट स्माइल माधुरी सिंह, बेस्ट हेयर स्टाइल सारिका, बेस्ट वॉक सावित्री दास, बेस्ट कॉस्ट्यूम सुरेखा निर्गोस्कर, ओवर ऑल शिप्रा राय और संध्या साटकर, 45 से 55 ऐज ग्रुप में सावन क्वीन शिप्रा मंडल, फर्स्ट रनरअप लीना नायक, सेकेंड रनरअप जूली सिन्हा, बेस्ट स्माइल मंजीता, बेस्ट हेयर स्टाइल किरण साहू, बेस्ट वॉक संगीता चौबे, बेस्ट कॉस्ट्यूम नीता पंचभाई, ओवरऑल सविता चतुर्वेदी रही।

सिटी इवेंट

## रिटायर कर्मिचारियों ने कहा- विपरीत परिस्थितियों में सोसाइटी ने दिया संबल



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सबसे पुरानी सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में एक आयोजन में सोसाइटी के माह जून या उसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी के सदस्य कर्मियों को विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शॉल व श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। इस दौरान रिटायर कर्मियों का स्वागत करते हुए अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने कहा कि सोसाइटी की साख हमारे वरिष्ठ कर्मियों की मेहनत का नतीजा है। इसे बरकरार रखना हम सबका दायित्व है। इस दौरान रिटायर हुए कर्मियों में ओमप्रकाश शर्मा,मिकाइल और डीपी वर्मा सहित कई अन्य ने अपने विचार रखते हुए भिलाई स्टील प्लांट तथा इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 के साथ जुड़ी यादों को साझा किया। इन रिटायर कर्मियों ने विशेष रूप से इस तथ्य को रेखांकित किया कि विपरीत परिस्थितियों में किस तरह सोसाइटी के ऋण से राह आसान हुई और एक बड़ा संबल मिला। रिटायर होने वाले कर्मियों में फायर ब्रिगेड से कृष्णकुमार,दल्ली राजहरा से अजीत कुमार, दीनदयाल वर्मा, सिम्हाचलम, रामचंद्र साहू, सुरजीत सिंह, मंगल सिंह वर्मा, पोखन ठाकुर, दामोदरन, पीके राव, प्यारेलाल, पूर्णचंद्रा राव, टुमन कुमार चतुर्वेदी, उत्तम कुमार, ओमप्रकाश, सूर्य प्रसाद मंडावी, उत्तम कुमार नायक, डीपी वर्मा, संतन पटेल, मदनलाल, मोहम्मद सलीम, महेश कुमार, युगल किशोर, मोहनलाल, वेदराम नीलकमल, के पोट्टैया, पवन कुमार सोनी, देवलाल, असिम कुमार, सुभाष चंद्र वर्मा, पोखनलाल, मिकाइल, तिलकपुरी गोस्वामी, हरिओम प्रकाश, सुभाष पटेल, सकतराम, रामकिशन साहू, पुनीराम साहू, राजेंद्र कुमार, केदार सिंह और जयप्रकाश पांडेय उपस्थित थे। इस अवसर पर संचालक मंडल की उपाध्यक्ष इंदरजीत कौर व अमिताभ वर्मा सहित सदस्य हरिराम यादव, जे के गहिने, विनोद कुमार वासनिक, कुलेश्वर चंद्राकर, नीरजा शर्मा और पवन कुमार साहू सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक एम मुरलीधर और आभार संचालक मंडल के सदस्य विनोद कुमार वासनिक ने व्यक्त किया।

■ इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 ने जून माह के रिटायर कर्मियों को दी विदाई



सिटी लाइव

## 24 विद्यार्थियों की पढ़ाई और गतका खिलाड़ियों का सहयोग करने दिया चेक



**भिलाई।** ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन भिलाई, यूथ सिख सेवा समिति भिलाई, तथा न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने अपने जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने जगह-जगह पौधरोपण किया। इस दौरान उन्होंने अपने पिता स्व सरदार बीरा सिंह के आदर्शों पर चलते हुए सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए कई प्रमुख सेवाकार्य किये।

इस अवसर पर शोक संतप्त परिवार को संबल देने 5 लाख रुपये की जीवन बीमा सहायता राशि का चेक भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के माध्यम से मृतक ट्रक चालक भूपेन्द्र साहू की पत्नी प्रीति साहू को सर्वसमाज के समक्ष सौंपा गया। यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के पाँच प्रमुख उद्देश्यों में से एक शिक्षा सहायता के अंतर्गत जरूरतमंद एवं मेधावी 24 विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए चार लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित 12वीं नेशनल गतका चैम्पियनशिप में भाग लेकर छत्तीसगढ़ की टीम ने 6 गोल्ड, 23 सिल्वर व 35 ब्रॉन्ज सहित कुल 64 पदक अर्जित किए। इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को साढ़े 3 लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस समारोह में विभिन्न समाजों के प्रमुखों, राजनेताओं, समाजसेवियों, ट्रांसपोर्टर्स, खिलाड़ियों व गणमान्य नागरिकों उपस्थित रहे।

## गणित की उपलब्धि एवं तार्किक विचार योग्यता पर प्रभाव शोध विषय पर अनीता ने की पीएचडी

**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में बहुमाध्यम उपागम के उपयोग का विद्यार्थियों के गणित की उपलब्धि एवं तार्किक विचार योग्यता पर प्रभाव शोध विषय पर अनीता पाण्डेय ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उन्होंनें अपना शोध कार्य शोध निर्देशक डॉ. वन्दना सिंह सहायक प्राध्यापक श्रीशंकराचार्य महाविद्यालय एवं सह-शोध निर्देशक डॉ.रामा यादव सहायक प्राध्यापक कल्याण महाविद्यालय सेक्टर-7 भिलाई के सह निर्देशन में पूरा किया। डॉ.अनीता पाण्डेय राहुल पाण्डेय की पत्नी और नागेन्द्र तिवारी की पुत्री हैं।डॉ.अनीता पाण्डेय वर्तमान में द आई.सी.एफ.ए.आई. विश्वविद्यालय रायपुर के शिक्षा विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि पर द आई.सी.एफ.ए.आई. विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति, कुलसचिव, डीन और समस्त प्राध्यापकों एवं मित्रों द्वारा शुभकामनायें दी हैं।



● मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ने कूर्मि भवन सेक्टर 7 में मनाई डॉ. खूबचंद बघेल जयंती

# समाज के महापुरुषों के योगदान और उनकी बातों का करें अनुसरण, स्व.बघेल को किया याद, प्रतिभावान पुरस्कृत

**भिलाई।** मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई नगर के तत्वावधान में आयोजित स्व. डाक्टर खूबचंद बघेल जयंती समारोह कूर्मि भवन सेक्टर 7 भिलाई में मनाया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विशिष्ट अतिथि सांसद विजय बघेल, दुर्ग महापौर अलका बघमार, राज प्रधान दुर्ग राज मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज ईश्वरी वर्मा और नरेन्द्र बंछोर सेफी अध्यक्ष थे। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर में पूजा अर्चना और समाज के महापुरुषों पर माल्यार्पण और दीप जलाकर की गई। स्वागत भाषण मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई नगर के अध्यक्ष कोमल धुरंधर ने दिया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में डॉ. खूबचंद के समाज और प्रदेश के लिए उनके योगदान को बताते हुए कहा कि समाज के साथ साथ छत्तीसगढ़ के पर्यावरण को बचाना हमारा कर्तव्य है।



### यह भी रहे उपस्थित

मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई नगर के कार्यकर्ताओं में गोविन्द लाल वर्मा, रुपेंद्र वर्मा, भरतलाल वर्मा, कैलाश वर्मा, तुलसी आडिल, अशोक बघेल, भानुप्रताप वर्मा, गजानंद कश्यप, नारायण प्रसाद वर्मा, फत्तेलाल वर्मा, डोमेंद्र नायक, पुरेंद्र वर्मा, लेखराम वर्मा विष्णु प्रसाद बंछोर, घनश्याम वर्मा, पुष्कर बघेल, अजय वर्मा को भी सम्मानित किया गया। डॉ खूबचंद बघेल जयंती समारोह में उपस्थित विशिष्ट जनों में पवन चंद्राकर, पुष्पकराज देशमुख, आई एस मनु, चंद्र कुमार वर्मा, अनिता धुरंधर, अरुणि वर्मा, अमिता वर्मा, माधुरी खिचरिया, मधु वर्मा, छाया वर्मा, मीना बर्छिहा, कुसुम आडिल, जागेश्वरी वर्मा, सीमा वर्मा, सुरेखा धुरंधर, रश्मि देशमुख, प्रेमलाल पिपरिया सहित अन्य सामाजिक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजेश वर्मा, आत्माराम नायक और विजय वर्मा ने किया।

### उनके किए संघर्ष को किया याद

विशिष्ट अतिथि विजय बघेल ने डॉ. खूबचंद बघेल को छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम स्वप्न द्रष्टा के रूप में और उनके किए संघर्ष को याद किया। महापौर दुर्ग अलका बघमार ने समाज के महापुरुषों के योगदान और उनके अनुसरण की बात कही। नरेंद्र बंछोर ने प्रदेश की वन और खनिज संपदा के साथ उद्योग धंधों में स्थानीय लोगों के रोजगार को प्रमुखता देते हुए कहा प्रदेश के पर्यावरण को संरक्षित करने और उसे बचाने में सहयोग करने को कहा। इस वर्ष माटी पुत्र सम्मान वरिष्ठ समाजसेवी और उन्नत कृषक गन्नू लाल वर्मा, ग्राम बुड़गहन को प्रदान किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी कूर्मि क्षत्रिय समाज भिलाई नगर अध्यक्ष संतोष पाटनवार, भिलाई नगर कूर्मि क्षत्रिय समाज की महिला अध्यक्ष अनिता वर्मा, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई नगर की महिला अध्यक्ष रुपा वर्मा, पिछड़ा वर्ग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कौशल प्रसाद वर्मा, नीरज पाल महापौर भिलाई मंच पर उपस्थित रहे।



### प्रतिभा सम्मान देकर किया प्रोत्साहित

प्रतिभा सम्मान में कक्षा दसवीं से प्रथम अक्षत नायक, द्वितीय चंद्रमौली परगनिहा तृतीय कुमारी संजीवनी वर्मा, 12 वीं कक्षा से प्रथम अनादि वर्मा, द्वितीय चिरायु वर्मा तृतीय पीयूष वर्मा, भारत स्काउट और गाइड का राज्य पुरस्कार प्राप्त अनन्या वर्मा और विशिष्ट प्रतिभा सम्मान डॉ शालिनी वर्मा को प्रदान किया गया। मार्च से जून 2025 के बीच सेवानिवृत्त हुए लोगों में सुधीर खिचरिया, कृतेश वर्मा, पिताम्बर वर्मा, अरुण वर्मा, तालसिंह वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, दानेश्वर प्रसाद वर्मा, योगेन्द्र कुमार बंछोर, रविन्द्र बंछोर, तरुण वर्मा, नरेंद्र वर्मा, संतोष वर्मा गोपाल आडिल, दिनेश वर्मा सेक्टर 1, देवेन्द्र कुमार वर्मा, जगमोहन वर्मा और कृष्ण कुमार आडिल को सेवानिवृत्ति सम्मान प्रदान किया गया।

### छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन ने किया याद

रिसाली सेक्टर के एकता मंच में डॉ खूबचंद बघेल के 125वीं जयंती पर छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन ने याद किया। संगठन की सदस्यों ने कहा कि डॉ.खूबचंद बघेल 19वीं सदी के महान जननायक थे। स्वतंत्रता आंदोलन में भागीदारी व आजादी के लिए जेल जाना, अपनी पत्नी व हजारों लोगों के साथ आजादी के आंदोलन से जुड़ना, आजादी के बाद सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ व्यक्तिगत आन्दोलन, विधायक व राज्यसभा सदस्य रहते हुए हमेशा शोषण के खिलाफ लड़ते रहे, छत्तीसगढ़ राज्य की कल्पना करने वाले प्रथमपंक्ति के व्यक्ति रहे। आज अपने पुरखा को याद कर हमें सामजिक कार्य करने की नई दिशा व ऊर्जा मिली है। जयंती कार्यक्रम में राजेंद्र परगनिया, चंद्रभान सिंह ठाकुर, अश्लेष मरावी, उमा सिंह, निर्मला चतुर्वेदी, ममता वर्मा, अन्नू जांगड़े, मधु उपस्थित रहे।



नीट-2025 में छग के छात्रों का जलवा

## डेडिकेशन व अनुशासन से नीट-2025 में टापर रहे बच्चों को स्टेथोस्कोप और ऐप्रोन भेंटकर किया प्रोत्साहित



**भिलाई।** गोल इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित नेशनल सेमिनार एवं वार्षिक सम्मान समारोह में नीट-2025 में छ.ग. के सफल 100 से अधिक छात्रों को सम्मानित किया गया। इन छात्रों को प्रतीक स्वरूप स्टेथोस्कोप एवं ऐप्रोन भेंटकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में मुख्य अतिथि आई.पी. मिश्रा चेयरमैन श्रीशंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस भिलाई ने छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि ये छात्र देश के भविष्य है। जिस समर्पण और अनुशासन के साथ इन्होने नीट में सफलता प्राप्त की है, वह प्रशंसनीय है। संस्थान इन छात्रों को सही दिशा दे रहे है, यह देश के स्वास्थ्य तंत्र के लिए काम कर रहे है। विशिष्ट अतिथि डॉ. नवीन राम दारूका चेयरमैन आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर मिलाई ने कहा कि छ.ग. में मेडिकल शिक्षा की तैयारी के क्षेत्र में निकलने वाले छात्र न केवल परीक्षा पास करते है, बल्कि डॉक्टर बन कर स्वस्थ समाज के निर्माण में बहुमूल्य योगदान देते है। गोल इंस्टीट्यूट के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह ने सभी छात्रों को कहा की यह सफलता छात्रों के परिश्रम, अभिभावकों का विश्वास और पुरे गोल टीम के लगातार प्रयास का प्रतिफल है। पास हुए बच्चें एक स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। छ.ग. निदेशक रंजीत कुमार ने बताया इस वर्ष का प्रश्नपत्र अपेक्षाकृत कठिन था, बावजूद इसके छ.ग. के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है इस बार छ.ग. के कुल 250 छात्रों ने गोल से नीट क्यालिफाई किया है। जिसमें से 102 छात्रों को सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला पाएंगे। टॉपर्स रहे शुभजीत राज, विजय चंद्राकर, भिष्मदेव यादव, पूर्व डॉ. विनोद जायसवाल, डॉ. अजय एम्स, डॉ. भूपेन्द्र साहु, डॉ. हिमांशु बंजारे ने बताया कि मेडिकल में तैयारी के लिए डेडिकेशन और अनुशासन की जरुरत होती है, जिसके चलते आज एक डॉक्टर के रूप में समाज को सेवा देने का काम कर रहे है। इस अवसर पर शिक्षक सुरेश, नागोरी, एकता सिंह, डॉ. हरेन्द्र, डॉ. विनय जैन, डेविड, बिन्दु, गिरिश, दुर्गेश, रिषभ सहित कई लोग उपस्थित थे।

100 से अधिक सफल छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित

आयोजन

## रैंप वॉक और कुर्सी दौड़ में महिलाओं ने दिखाया हुनर



**भिलाई।** महिला मोर्चा चरोदा भिलाई के द्वारा सावन उत्सव का कार्यक्रम आयोजन किया गया। आयोजन चरोदा मंडल संपन्न हुआ। कार्यक्रम मे रेम्प वॉक कुर्सी दौड़ भी हुआ। सावन क्वीन भी चुनी गई। मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा थे। अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने किया। अतिथि के रुप में कुम्हारी नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, पूर्व नपा चरोदा अध्यक्ष शशिकांत बघेल मौजूद थे। पाटन ब्लॉक जनपद अध्यक्ष कृति नायक,पूर्व महापौर चंद्रकांता मांडले, चरोदा मंडल के अध्यक्ष ए गौरी शंकर मौजूद थे। आयोजन समिति एम अरुणा, गीता वर्मा, कल्पना बाला, अंकित बेनर्जी, प्रमिला तांडी थी। पार्षद नंदिनी जांगड़े, प्रेमलता चंद्राकर, पार्षद अर्पण दास गुप्ता, सुषमा चौहान, सुनेत्रा मुखर्जी शामिल थी। आभार एम अरुणा ने किया।

महिला मोर्चा चरोदा में मनाया सावन उत्सव

सेवा और स्वास्थ्य का संगमः भिलाई बंगाली समाज ने मनाया 20वां स्थापना दिवस

# बीपी और शुगर युवाओं में बुजुर्गों से ज्यादा, निःशुल्क हेल्थ कैंप में विशेषज्ञों ने जांच कर सुरक्षित रहने किया जागरूक

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** भिलाई बंगाली समाज ने अपने 20वें स्थापना दिवस के अवसर पर समाज सेवा की मिसाल पेश करते हुए सेक्टर-7 स्थित सामाजिक भवन में निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया। जिसमें बीपी और शुगर के मरीज बुजुर्गों से ज्यादा युवाओं में मिले। समाज के सदस्यों ने लोगो के रुझान को देखते हुए हर महीने जांच शिविर आयोजित किये जाने की बातें कही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज के संरक्षक और पूर्व अध्यक्ष मानव सेन ने बताया कि भिलाई बंगाली समाज पिछले 20 वर्षों से लगातार समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। उन्होंने इस अवसर पर एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अब से निःशुल्क मेडिकल कैम्प हर माह आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ ले सकें। इस प्रकार स्थापना दिवस का यह आयोजन समाज सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और एकजुटता का प्रतीक बन गया।





### बरसात में गंदे हाथों से आंखों को न छुएं



नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शशांक सेन ने बताया कि बरसात के मौसम में आंखों में संक्रमण की आशंका अधिक होती है। उन्होंने सलाह दी कि लोग गंदे हाथों से आंखों को न छुएं और बरसात के पानी से भी बचें, क्योंकि उसमें मौजूद प्रदूषण आंखों के लिए हानिकारक हो सकता है। वहीं डॉ. चन्द्रशेखर ने वरिष्ठ नागरिकों को सलाह दी कि यदि उन्हें बीपी और शुगर की समस्या है, तो उन्हें भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनकर ही जाना चाहिए। बारिश के मौसम के बाद चेस्ट इंफेक्शन के मामलों में बढ़ोतरी देखी जाती है, जिससे सतर्क रहना आवश्यक है। स्वास्थ्य शिवर में डॉ. सुनिल सिसोदिया, डॉ. अनुज, डॉ. सौरभ मुखर्जी, डॉ. एचके गोवर्धन ने भी अपनी सेवाएं दी। स्थापना दिवस पर समाज के सदस्यों ने एकजुट होकर ना केवल उत्सव मनाया, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया, जो समाज के लिए अनुकरणीय पहल रही। कार्यक्रम में अध्यक्ष सुप्रोभाज पाल, पूर्व अध्यक्ष मानव सेन, डीके दत्ता सहित समाज के अन्य पदाधकारी व सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### युवाओं में बीपी और शुगर के स्तर बुजुर्गों से ज्यादा

समारोह का आयोजन सेक्टर-7 बीएसपी प्राथमिक विद्यालय परिसर में किया गया था, जहां बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। निःशुल्क जांच शिविर में बीपी, शुगर, चेस्ट और आंखों की जांच की गई, जिसमें युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी जांच कराई। फार्मासिस्ट बिभाष रॉय ने बताया कि जांच में एक चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि युवाओं में बीपी और शुगर के स्तर बुजुर्गों से ज्यादा पाए गए। इसका मुख्य कारण फास्ट फूड और असमय खानपान की आदतें हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीनियर इंटर स्टेट के लिए छत्तीसगढ़ का नेतृत्व कृति को



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा वुमेंस सीनियर इंटर स्टेट वन डे तथा टी 20 अभ्यास मैच सत्र 2024-25 के लिए खिलाड़ियों का चयन कर सूची जारी कर दी गई है। यह टीम 25 जुलाई से पुडुच्चेरी में होने वाले अभ्यास मैचों में हिस्सा लेंगी। टीम की कप्तान कृति गुप्ता होंगी। इनमें ऐश्वर्या सिंह बिलासपुर,दीप्ति ढीमर दुर्ग,कृति गुप्ता (कप्तान) बी.एस.पी,मिताली शर्मा रायपुर, निधि सूर्यवंशी दुर्ग,पल्लवी वर्मा भिलाई, प्रांशु प्रिया धनसन जशपुर,प्रतिज्ञा सिंह बिलासपुर,प्रिया साव बिलासपुर, रूमा दास रायपुर,सलोनी डोंगरे, संजीता पटेल पेशेवर खिलाड़ी बिलासपुर,शिवानी कृष्णा (विकेटकीपर) भिलाई, शिवानी यादव, सृष्टि शर्मा राजनांदगांव बिलासपुर,उर्मिला हरिना सरगुजा और यशा भारती देवांगन (विकेटकीपर) भिलाई शामिल हैं। सीनियर महिला अंतरराज्यीय टी-20 अभ्यास मैच 25 जुलाई को पुडुच्चेरी में छत्तीसगढ़ बनाम पुडुच्चेरी, 26 जुलाई को पुडुच्चेरी में छत्तीसगढ़ बनाम हिमाचल प्रदेश, 27 जुलाई को विश्राम दिवस,28 अगस्त को पुडुच्चेरी में छत्तीसगढ़ बनाम झारखंड का मुकाबला होगा। फाइनल 29 जुलाई को शीर्ष 1 बनाम शीर्ष 2 के बीच होगा। सीनियर महिला अंतरराज्यीय एक दिवसीय अभ्यास मैच एक अगस्त को पुडुच्चेरी में छत्तीसगढ़ बनाम पुडुच्चेरी, 2 अगस्त को पुडुच्चेरी में छत्तीसगढ़ बनाम हिमाचल प्रदेश, 3 अगस्त को विश्राम दिवस, 4 अगस्त को पुडुच्चेरी में छत्तीसगढ़ बनाम झारखंड का मुकाबला होगा। वहीं फाइनल 5 अगस्त को टॉप 1 बनाम टॉप 2 के बीच होगा।

### राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग में अमन ने जीता स्वर्ण पदक



**रायपुर।** सीनियर राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन वाको छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में बलबीर जुनेजा इनडोर स्टेडियम रायपुर में 16 से 20 जुलाई तक किया गया। जिसमें सिमगा बलौदबाजार के अमन सोनी ने पंजाब तेलंगाना व केरल के खिलाड़ियों को हरा कर स्वर्ण पदक हासिल किया व संदीप यादव ने दिल्ली के खिलाड़ी को हराकर कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता के दौरान किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल, सचिव अभिषेक जैन, महासचिव आकाश गुरुदीवान, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा और अध्यक्ष छगन लाल मूंदड़ा सहित विभिन्न राज्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय तैराकी 26 से भाग लेने मौका आज तक



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसियेशन की ओर से 15वीं सब जूनियर एवं जूनियर राज्य स्तरीय तैराकी चैम्पियनशिप का आयोजन 26 और 27 जुलाई को दिल्ली पब्लिक स्कूल रिसाली भिलाई में किया जा रहा है। उक्त चैम्पियनशिप में एसोसियेशन से संबद्ध जिला/ईकाई की सब जूनियर वर्ग ग्रुप –3 (11-12 वर्ष) तथा जूनियर वर्ग ग्रुप-1 (15 से 17 वर्ष) एवं ग्रुप-2 (13-14 वर्ष) बालक एवं बालिका टीमें भाग लेगी। चैम्पियनशिप में चयनित सब जूनियर एवं जूनियर खिलाड़ी 51वीं जूनियर राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप अहमदाबाद में 3 से 7 अगस्त तथा 41वीं सब जूनियर राष्ट्रीय तैराकी स्पर्धा बेंगलुरु (कर्नाटक) में 4 से 5 अगस्त में भाग लेंगे। चैम्पियनशिप में भाग लेने हेतु टीम की ऑनलाईन इंट्री 23 जुलाई तक है। वहीं छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसियेशन की वेबसाइट में तथा टीमों की प्रविष्टि सचिव, छत्तीसगढ़ तैराकी एसोसियेशन के समक्ष स्पीड पोस्ट/कोरियर व ई-मेल के द्वारा 23 जुलाई तक भेज सकते हैं।

### जिला क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाड़ियों का पंजीयन 25 तक



**दुर्ग।** दुर्ग जिला क्रिकेट एसोसिएशन के वर्ष 2026 हेतु खिलाड़ियों के सभी वर्गों के पंजीयन की तिथि 19 से 25 जुलाई तक निर्धारित की गई है। नये पंजीयन/ नवीनीकरण का समय सुबह 8:00 से 9:00 बजे एवं दोपहर 3:00 से 5:30 बजे तक संस्था के कार्यकारी कार्यालय, रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में रखा गया है। नये पंजीयन हेतु आधार कार्ड, डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, दो नवीन कलर फोटो, छत्तीसगढ़ में जन्में खिलाड़ियों के लिये पिछले 5 वर्षों की मार्कशीट की फोटोकॉपी अन्यथा पिछले 10 वर्षों की मार्कशीट की फोटोकॉपी जमा करना होगा। नये पंजीयन हेतु रुपये 500 का शुल्क निर्धारित किया गया है। पंजीयन के समय सत्यापन हेतु समस्त मूल दस्तावेज लाना भी अनिवार्य है। खिलाड़ियों का नवीनीकरण पंजीयन हेतु आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, छत्तीसगढ़ में जन्में खिलाड़ियों के लिये पिछले 5 वर्षों की मार्कशीट की फोटोकॉपी अन्यथा पिछले 10वर्षों की मार्कशीट की फोटोकॉपी जमा करना होगा। नवीनीकरण हेतु रुपये 500 का शुल्क निर्धारित किया गया है।

## चिकित्सा विज्ञान के हाल के शोध में आई है चौकाने वाली रिपोर्ट

# आपकी आंखें खोलेंगी दिल का राज, हार्ट अटैक और स्ट्रोक के खतरे का पता चल जाएगा पहले ही

अध्ययनकर्ताओं ने एक ऐसे टेस्ट के बारे में बताया है जिसकी मदद से एक दशक यानी करीब 10 साल पहले ही जाना जा सकेगा कि आपको हार्ट अटैक का खतरा तो नहीं है? सबसे खास बात ये है कि इसके लिए हार्ट नहीं, आंखों की जांच की जाएगी। आज के दौर में दिल से जुड़ी बीमारियां 'ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी' बनती जा रही हैं। हार्ट अटैक के बढ़ते मामले और उससे जुड़ी मौतें अब महज आंकड़े नहीं, बल्कि हर किसी के दरवाजे तक दस्तक देने वाली हकीकत बन चुकी हैं। अखबारों की सुर्खियों से लेकर सोशल मीडिया तक, हर जगह यही सवाल गूंज रहा है- अब किसकी बारी?



स्वास्थ्य विशेषज्ञ लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि अगर अब भी हमने अपनी आदतें नहीं बदलीं, तो ये खतरा और गहराता जाएगा। खासकर खान-पान में लापरवाही और गतिहीन जीवनशैली को इस संकट का सबसे बड़ा गुनहगार माना जा रहा है। इसके अलावा अगर आपके परिवार में पहले से किसी को दिल की बीमारी रही है, तो खतरे की ये घंटी और गंभीर हो जाती है। आनुवांशिक कारक हृदय रोगों के जोखिमों को कई गुना बढ़ा देते हैं। क्या कोई ऐसा तरीका है जिससे पहले से ही ये जाना जा सके कि आपको हार्ट अटैक या स्ट्रोक तो नहीं होगा? अगर आपके मन में भी ये सवाल है तो अब इसका जवाब मिल गया है।



### एक दशक पहले ही पता चल जाएगा

अध्ययनकर्ताओं ने एक ऐसे टेस्ट के बारे में बताया है जिसकी मदद से एक दशक यानी करीब 10 साल पहले ही जाना जा सकेगा कि आपको हार्ट अटैक का खतरा तो नहीं है? सबसे खास बात ये है कि इसके लिए हार्ट नहीं, आंखों की जांच की जाएगी। चिकित्सा विज्ञान के प्रतिष्ठित जर्नल कार्डियोवैस्कुलर डायबिटोलॉजी में प्रकाशित इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने बताया कि एक सामान्य नेत्र परीक्षण अगले दस वर्षों में किसी व्यक्ति को दिल का दौरा या स्ट्रोक होने के जोखिम का अनुमान लगा सकता है। इसके लिए शोधकर्ताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग किया है जो डिजिटल रेटिना फोटोग्राफ्स लेती है और इसके विश्लेषण से हृदय की जानलेवा समस्या के बारे में पहले से जाना जा सकेगा।

### क्या कहते हैं शोधकर्ता?

विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि यह तकनीक रोगी के लिए एक सेकंड से भी कम समय में व्यक्तिगत जोखिम स्कोर तैयार करने में सक्षम थी। स्कॉटलैंड के डॉन्डी यूनिवर्सिटी के हृदय रोग विशेषज्ञों ने टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ित लोगों की आंखों के स्कैन पर इस एआई सॉफ्टवेयर का परीक्षण किया है। विश्वविद्यालय में शोध के प्रमुख और हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. इफी मोर्डी कहते हैं, यह आश्चर्यजनक पर सत्य है कि आंखें हमारे हृदय की खिड़की होती हैं। इस टेस्ट का सिंपल फॉर्मूला ये है कि यदि आंख के पीछे की रक्त वाहिकाओं में कोई क्षति है या वे सिकुड़ रही हैं, तो इस बात की पूरी संभावना है कि आने वाले वर्षों में इसका हृदय को रक्त पहुंचाने वाली वाहिकाओं पर भी असर देखा जा सकता है, जिसे दिल का दौरा या स्ट्रोक का कारण माना जाता है।

### एक मिनट से भी कम समय

अध्ययनकर्ताओं ने बताया, इमेज के आकलन के आधार पर ये जानने में मदद मिल सकती है कि किसी व्यक्ति में रक्त वाहिकाओं के सिकुड़ने या रुकावट का खतरा कितना अधिक है? शोध के दौरान इस तरह की 4,200 तस्वीरों का उपयोग करके जांच की गई। एआई उपकरण 70 प्रतिशत सटीकता के साथ यह अनुमान लगाने में सक्षम था कि एक दशक के भीतर किन लोगों को 'गंभीर हृदय संबंधी घटनाएं', जैसे दिल का दौरा या स्ट्रोक, हो सकती हैं। डॉ. मोर्डी ने आगे कहा 'यह एक वन-स्टॉप स्कैन है जो नियमित रूप से किया जाता है और इसमें एक मिनट से भी कम समय लगता है।





# मेंटल स्ट्रेस बन रहा है आपकी इम्यूनिटी का दुश्मन, जानें कैसे

आज के समय में अधिकतर लोग स्ट्रेस से हमेशा जूझते रहते हैं। लेकिन इसकी वजह से आपकी इम्यूनिटी पर बुरा असर पड़ सकता है। जानिए स्ट्रेस और इम्यूनिटी का आपस में क्या संबंध है।

ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जो बार-बार बीमार पड़ते हैं। खासतौर से, किसी जरूरी मीटिंग, फंक्शन या एग्ज़ाम से ठीक पहले ही उनकी तबियत बिगड़ जाती है। अगर आपके साथ बार-बार ऐसा हो रहा है तो यह कोई इत्तेफाक़ नहीं है। बल्कि यह आपका मेंटल स्ट्रेस है, जो आपकी इम्यूनिटी और बॉडी पर असर डाल रहा है। दरअसल, जब शरीर में स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल रिलीज़ होते हैं और अगर लगातार ऐसा होता है तो इससे यह स्ट्रेस हार्मोन इम्यूनिटी को कमजोर करने लगता है। जब शरीर की इम्यूनिटी कमजोर होती है तो ऐसे में उसका इंफेक्शन से लड़ने की शक्ति कम हो जाती है। इतना ही नहीं, इम्यूनिटी कमजोर होने पर रिकवरी भी स्लो हो जाती है। इस बात में कोई दोराय नहीं है कि जब मेंटल स्ट्रेस बहुत ज्यादा बढ़ जाता है तो सबसे पहले इम्यूनिटी ही इसकी मार झेलती है।



लेकिन क्या आप जानती हैं कि इन दोनों का आपस में क्या कनेक्शन है। तो चलिए आज इस लेख में सेंट्रल गवर्नमेंट हॉस्पिटल के ईएसआईसी अस्पताल की डाइटीशियन ऋतु पुरी आपको बता रही हैं कि मेंटल स्ट्रेस किस तरह आपकी इम्यूनिटी को बुरी तरह प्रभावित कर सकता है-

### व्हाइट ब्लड सेल्स को कम करता है स्ट्रेस


स्ट्रेस हमारे शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को कमजोर करता है। दरअसल, हमारे शरीर में लिम्फोसाइट्स नाम के व्हाइट ब्लड सेल्स होते हैं, जो बीमारियों से लड़ते हैं। लेकिन स्ट्रेस इन्हें कम कर देता है। जिसकी वजह से व्यक्ति बार-बार बीमार पड़ता है। ग्लेसर और किकोल्ट-ग्लेसर (2005) की एक स्टडी में बताया कि स्ट्रेस से नेचुरल किलर और टी-सेल्स भी कम हो जाते हैं।

### बॉडी में बढ़ जाती है इंफ्लेमेशन

जब आपका मेंटल स्ट्रेस बढ़ने लगता है तो इससे शरीर अलर्ट मोड में चला जाता है। जिसकी वजह से शरीर ऐसे केमिकल रिलीज़ करता है जो इंफ्लेमेशन को बढ़ाता है। ऐसे में इम्यूनिटी और भी ज्याद कमजोर हो जाती है। सेगरस्ट्रॉम और मिलर ने 2004 की एक स्टडी में बताया कि लंबे समय तक स्ट्रेस से बॉडी में इंफ्लेमेशन बढ़ जाती है और इम्यून सिस्टम कमजोर होने लगता है।

### नींद पर पड़ता है बुरा असर

इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए क्वालिटी स्लीप लेना बेहद जरूरी होता है। लेकिन जब आप मेंटल स्ट्रेस से जूझती हैं तो ऐसे में नींद पर भी बुरा असर पड़ता है। व्यक्ति को या तो रात में नींद नहीं आती है या फिर बार-बार आंख खुलती है और फिर सोना मुश्किल हो जाता है। खराब नींद से इम्यूनिटी कमज़ोर हो जाती है और शरीर यह भूल जाता है कि पहले से मौजूद वायरस से कैसे निपटना है।



# इलेक्ट्रिक केटल में बनाई जा सकती हैं कुछ आसान सी रेसिपीज, आप जरूर करें ट्राई

अगर आप इलेक्ट्रिक केटल में अब तक पानी गर्म करती आई हैं तो अब इसमें यह रेसिपीज ट्राई करें। हो सकता है कि आपको सुनने में थोड़ा अजीब लगे, लेकिन यह सच है। कई ईजी रेसिपीज को केवल इलेक्ट्रिक केटल की मदद से बनाया जा सकता है।

### इंस्टेंट नूडल्स

एक इलेक्ट्रिक केटल 1 कप पानी डालें और इसे चालू कर दें। पानी में उबाल आने के बाद इसमें मैगी को तोड़कर और साथ में टेस्टमेकर डाल दीजिए। अब इसे मिक्स करें और इलेक्ट्रिक केटल को फिर से ऑन करें। नूडल्स को कुछ मिनट तक पकाएं ताकि यह अच्छी तरह तैयार हो जाएं। बस आपके गरमा-गरम इंस्टेंट नूडल्स बनकर तैयार है। अगर आप चाहें तो पानी के उबलने के बाद इसमें कटी हुई सब्जियां भी डाल सकते हैं। यह पानी में ब्लॉन्च हो जाएंगी। वहीं अगर आपको सूपी नूल्डल पसंद हैं तो आप इसमें थोड़ा अतिरिक्त पानी डालिए।

### बनाएं ओट्स

इलेक्ट्रिक केटल में ओट्स आसानी से बनाए जा सकते हैं। इसके लिए, आप एक इलेक्ट्रिक केटल में अपनी पसंद के अनुसार एक कप पानी या दूध डालें। अब इसे आधा कप ओट्स डालकर मिक्स कर लें। आप इसमें खजूर के बीज निकालकर भी डालें ताकि ओट्स थोड़े मीठे हो जाएं।

अब ओट्स को 6-8 मिनट तक या पूरी तरह से कुक हो जाने तक पकाएं। जब यह




कुक हो जाए तो आप ओटमील को कटे हुए फल जैसे सेब, स्ट्रॉबेरी, केला आदि से गार्निश करें और परोसें।

### बॉयल करें एग

अधिकतर लोग नाश्ते में बॉयल्ड एग खाना काफी पसंद करते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो यकीन मानिए इलेक्ट्रिक केटल आपके बेहद काम आने वाली है। आपको बस इतना करना है कि आप इलेक्ट्रिक केटल में थोड़ा पानी डालकर उसे ऑन करें और उसमें उबाल आने दें।

अब आप इसमें अंडे डालें। अब इलेक्ट्रिक केटल को फिर से ऑन करें। अंडों के पकने तक पानी को उबलने दें। फिर इलेक्ट्रिक केटल बंद करें और अंडे निकालकर उनका छिलका हटा दें। अब इन्हें बीच में से काटें और नमक व काली मिर्च छिड़ककर खाएं।

# हरियाली अमावस्या पर पूजन का जानें नियम

श्रावण मास की अमावस्या तिथि को पड़ता है। हरियाली अमावस्या पितरों को समर्पित है. इस दिन लोग अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्म करते हैं। इस साल हरियाली अमावस्या 24 जुलाई गुरुवार को मनाई जाएगी। हरियाली अमावस्या तिथि का आरंभ 24 जुलाई को सुबह 02 बजकर 28 मिनट से लेकर 25 जुलाई को सुबह 12 बजकर 40 मिनट पर होगा। इसलिए उदया तिथि के हिसाब से हरियाली अमावस्या 24 जुलाई को मनाई जाएगी। हरियाली अमावस्या के दिन स्नान-दान का मुहूर्त विस्तार से जान लें।



**ब्रह्म मुहूर्त-** सुबह 04:15 बजे से सुबह 04:57 बजे तक,अभिजित मुहूर्त- दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 12:55 बजे तक,अमृत काल- दोपहर 02:26 बजे से दोपहर 03:58 बजे तक

**सर्वार्थ सिद्धि योग-** यह योग पूरे दिन रहेगा, जो किसी भी शुभ कार्य के लिए अत्यंत फलदायी होता है। गुरु पुष्य योग और अमृत सिद्धि योग- शाम 04:43 बजे से पूरे दिन रहेगा।

### हरियाली अमावस्या के दिन पितरों का तर्पण करने का मुहूर्त

हरियाली अमावस्या के दिन पितरों का तर्पण करने से उन्हें शांति मिलती है और परिवार में सुख-समृद्धि आती है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन तर्पण करने से पितृ दोष से मुक्ति मिलती है और पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। आप सुबह 11 बजे से पहले दक्षिण दिशा की ओर मुख करके अपने पितरों के निमित्त तर्पण कर सकते हैं। तर्पण करते समय ₹ॐ पितृ देवाय नमः₹ मंत्र का जाप करना फलदायी माना जाता है। प्रातः सन्ध्या- प्रातः 04:18 बजे से प्रातः 05:21 बजे तक विजय मुहूर्त- दोपहर 02:19 बजे से दोपहर 03:13 बजे तक

### हरियाली अमावस्या के दिन पूजा-पाठ करने का महत्व


ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, कुंडली में पितृ दोष या किसी अन्य ग्रह दोष के कारण जीवन में परेशानियां आ सकती हैं। हरियाली अमावस्या पर किया गया तर्पण इन दोषों को शांत करने में मदद करता है।

## कार्नर न्यूज

## रिलेशनशिप में बढ़ती दूरी से पनपती है बैंक्सिंग

# आज के रिश्तों की सबसे बड़ी समस्या है बैंक्सिंग, पहचानिए इस नए ट्रेंड को

अगर आप भी किसी रिलेशनशिप में हैं और महसूस करते हैं कि सामने वाला धीरे-धीरे आपसे दूरी बना रहा है तो हो सकता है आप बैंक्सिंग के शिकार हो रहे हों। हर साल रिश्तों में कुछ नए ट्रेंड सामने आते हैं, कभी घोस्टिंग, कभी ब्रेडक्रंबिंग और अब आया है बैंक्सींग। ये ट्रेंड जितना नया है, उतना ही खतरनाक भी है क्योंकि यह धीरे-धीरे रिश्ते को तोड़ देता है, वो भी बिना कहे और बिना लड़े। अगर आप भी किसी रिलेशनशिप में हैं और महसूस करते हैं कि सामने वाला धीरे-धीरे आपसे दूरी बना रहा है तो हो सकता है आप बैंक्सिंग के शिकार हो रहे हों।



### क्या है बैंक्सिंग

बैंक्सिंग शब्द ब्रिटिश स्ट्रीट आर्टिस्ट बैंक्सी से प्रेरित है, जो अचानक किसी जगह आते हैं, अपना आर्ट बना जाते हैं और बिना बताए चले जाते हैं। रिलेशनशिप में जब कोई व्यक्ति बिना किसी वाजिब वजह के धीरे-धीरे गायब हो जाए, मतलब कॉल्स कम करना, टेक्स्ट्स का जवाब न देना, मिलने से बचना और फिर बिना क्लोजर दिए गायब हो जाए, तो उसे बैंक्सिंग कहा जाता है। यह घोस्टिंग से थोड़ा अलग है, क्योंकि इसमें इंसान अचानक नहीं, बल्कि धीरे-धीरे रिश्ता खत्म करता है।

### बैंक्सिंग की पहचान

आपके पार्टनर का व्यवहार बताएगा कि आप बैंक्सिंग का शिकार हो रहे हैं। जैसे, अगर आपका पार्टनर अब आपकी बातों में रुचि नहीं लेता है तो हो सकता है कि वह इस रिश्ते से दूर हो रहा है। जब पार्टनर पहले की तरह आपसे मिलने या बात करने के लिए उत्साहित नहीं दिखता हो। अगर आपका पार्टनर मैं व्यस्त हूं, ये कहकर हर बार बात टाल देता हो। अब हमेशा अगर आप ही पहले बात शुरू करें और पार्टनर को आपसे बात शुरू करने में कोई रूचि न हो। पार्टनर अक्सर ऐसा करे कि आपके साथ प्लान तो बनाए लेकिन आखिरी वक्त में कैंसिल कर देता है।

इसका एक कारण टालने की मानसिकता है। कुछ लोग टकराव से बचने के लिए धीरे-धीरे दूरी



बनाते हैं। यह दूरी रिश्ते में भावनात्मक लगाव और निकटता को कम कर देती है। नई प्राथमिकताओं के कारण भी बैंक्सिंग रिश्ते में जगह बना लेता है। जब जिंदगी में नए लोग, काम या शौक आ जाते हैं तो पुराने रिश्तों से ध्यान हटने लगता है। भावनात्मक रूप से उपलब्ध न होने के कारण भी बैंक्सिंग का शिकार हो सकते हैं। कुछ लोग शुरुआत में तो रिश्ते में रहते हैं, लेकिन धीरे-धीरे कमिटमेंट से डरने लगते हैं। बैंक्सिंग की एक वजह कायरता भी है यानी आप पार्टनर या रिश्ते से संतुष्ट नहीं है लेकिन उसे सीधे मना करने की हिम्मत नहीं कर पाते। ऐसे में ब्रेकअप की बजाए बैंक्सिंग करते हैं।

### बैंक्सिंग से कैसे बचें?

अगर आप चाहते हैं कि आप दोनों इस रिश्ते में अपनी रुचि को बनाए रखें तो अपने रिश्ते में संवाद को जगह दें। एक-दूसरे से खुलकर बात करें। आपको यह महसूस होने लगे कि पार्टनर रिश्ते में नदारद रहता है या वह आपको दूरी बना रहा है तो उससे सीधे बात करें। ताकि बैंक्सिंग की स्थिति से बचा जा सके। रिश्ते को बचाने या पार्टनर की मर्जी के मुताबिक ढलने के लिए खुद को बार-बार न बदलें। बल्कि खुद की वैल्यू को समझें। जब कोई बिना जवाब दिए दूर जाए तो खुद को दोषी न मानें। टॉक्सिक रिश्तों को समय पर पहचानें और बाहर निकलें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## येलोस्टोन स्टार जोश लुकास ने वेटिकन सिटी में ब्रायना रफालो से रचाई शादी



हॉलीवुड अभिनेता जोश लुकास, जो 'येलोस्टोन' और 'स्वीट होम अलबामा' फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उन्होंने हाल ही में टीवी मौसम विज्ञानी ब्रायना रफैलो से वेटिकन सिटी में शादी कर ली। यह निजी समारोह उनके करीबी परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में हुआ। दोनों 2022 से एक-दूसरे के साथ थे।


34 साल की ब्रायना ने इंस्टाग्राम पर शादी की खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, ₹श्रीमान और श्रीमती। कैथोलिक चर्च और वेटिकन सिटी में यह पवित्र संस्कार करके हम बहुत खुश और धन्य हैं।₹ 54 साल के जोश ने जवाब में लिखा, ₹मैं तुमसे बहुत प्यार करता हूं! यह मेरे जीवन का सबसे खास दिन है। ब्रायना ने इंस्टाग्राम पर जोश के साथ एक प्यारी तस्वीर शेयर की और लिखा, 'हम उन सभी लोगों के आभारी हैं, जिन्होंने कैथोलिक चर्च में हमें इस मुकाम तक पहुंचने में मदद की। मैं जिस पैरिश में पली-बढ़ी, वहां के फादर विंटर्स, लॉस एंजिल्स के आर्चडायोसिस की सिस्टर एंजेलिका और आर्चडायोसिस के कई अन्य लोगों का बहुत आभारी हूं। हमारी शानदार वेडिंग प्लानिंग टीम, जिसने वेटिकन के साथ मिलकर काम किया। हमारी शादी के दिन को इतना खूबसूरत और आसान बनाने के लिए शुक्रिया।'

शादी में जोश ने काला टक्सीडो पहना, जबकि ब्रायना ने स्ट्रैपलेस लेस गाउन में सबका दिल जीता। एक तस्वीर में ब्रायना लेस की छतरी पकड़े दिखीं और जोश उनके साथ खुशी से मुस्कुरा रहे थे। जोश ने 19 जुलाई को अपने पोस्ट में इस दिन को 'सपने जैसा' बताया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दो साल तक डेटिंग के बाद जून 2024 में इस जोड़े ने सगाई की थी।

### टॉलीवुड

## कार दुर्घटना में बाल-बाल बचे सुपरस्टार अजित कुमार, इस नेक काम के लिए हो रही वाहवाही




साउथ के सुपरस्टार और रेसर अजित कुमार की कार इटली में एक रेस में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में वह सुरक्षित बच गए। यह हादसा जीटी4 यूरोपियन सीरीज रेस के दौरान हुआ। वह सीरीज के दूसरे राउंड में मिसानो ट्रैक पर हादसे में बाल-बाल बच गए। हालांकि, तमिल स्टार ने दुर्घटना के बाद ट्रैक से मलबा हटाने में मदद की। इसके लिए उनकी काफी तारीफ हो रही है।

जीटी4 यूरोपियन सीरीज के आधिकारिक एक्स पेज ने अजित की कार दुर्घटना के बाद का एक वीडियो शेयर किया है। वह ट्रैक पर खड़ी एक कार से टकरा गए थे, लेकिन उन्हें चोट नहीं आई। वीडियो पोस्ट करते हुए पोस्ट में लिखा 'नुकसान के साथ रेस से बाहर, लेकिन फिर भी उन्होंने सफाई करने में मदद की। इससे खुशी हो रही है। अजित कुमार को पूरा सम्मान।' वीडियो में अजित अपनी कार के पास खड़े होकर मलबे का जायजा लेते हुए देखे जा सकते हैं।

पोस्ट पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने कहा 'अजित कुमार कार से बाहर हैं, रेस से बाहर हैं। असल में इस साल हमने उन्हें पहली बार इतना बड़ा नुकसान होते देखा है।' अजित ने रेस ट्रैक से मलबा हटाने में मदद की। इस पर एक यूजर ने कमेंट किया और लिखा 'क्योंकि वह एक अच्छा लड़का है, वह जाकर सफाई में मदद करता है। ज्यादातर ड्राइवर ऐसा नहीं करते।'

अजित ने पहली बार 2003 में फॉर्मूला बीएमडब्ल्यू एशिया के साथ रेसिंग में कदम रखा और 2010 में फॉर्मूला 2 चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया। उन्होंने एक ब्रेक लिया और इस साल 24एच सीरीज के साथ वापसी की। अजित कुमार को इसी साल साउथ की फिल्म 'गुड बैड अग्ली' में देखा गया था। फिल्म ने अच्छी कमाई की थी।

### भोजपुरी

## खेसारी के साथ लिंकअप की अफवाहों के बीच बोलीं आकांक्षा- प्यार करती हूं...



भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव और आकांक्षा पुरी के बीच ऑन स्क्रीन बॉन्डिंग के साथ-साथ ऑफ स्क्रीन भी कमाल की बॉन्डिंग है। इनकी दोस्ती और करीबी को देख इनके लिंकअप की अफवाहें सामने आती रहती हैं। इस पर आकांक्षा ने चुप्पी तोड़ी है।

भोजपुरी इंडस्ट्री के पावर स्टार खेसारी लाल यादव और बिग बॉस ओटीटी की प्रतिभागी रहीं आकांक्षा पुरी दर्शकों की पसंदीदा ऑनस्क्रीन जोड़ी बन चुकी है। भोजपुरी फिल्म 'राजाराम' के 'चुम्मा-चुम्मा' गाने में दोनों की केमिस्ट्री देखने लायक थी। फिर, फिल्म 'अग्नि परीक्षा' में भी दोनों साथ हैं। फिल्मों से अलग ऑफ स्क्रीन भी दोनों के बीच कमाल की दोस्ती है। इनकी बॉन्डिंग देख इनके अफेयर की अफवाहें समय-समय पर होती रहती हैं। ऐसी खबरों पर हाल ही में आकांक्षा पुरी ने प्रतिक्रिया दी है। आकांक्षा पुरी और खेसारी लाल यादव की केमिस्ट्री न सिर्फ पर्दे पर कमाल की है, बल्कि फिल्मों से अलग निजी जिंदगी में भी दोनों करीबी दोस्त हैं। खेसारी और आकांक्षा का जिम में साथ वर्कआउट करते हुए एक वीडियो काफी वायरल हुआ था, जिस पर इन्हें ट्रोल किया गया। अक्सर दोनों को साथ में स्पॉट किया जाता है। इनकी नजदीकी पर न सिर्फ खेसारी के फैंस ने ऐतराज जताया, बल्कि पवन सिंह के फैंस भी अलग-अलग बातें करते हैं। अपने और खेसारी के कथित रिलेशनशिप की खबरों पर हाल ही में आकांक्षा पुरी ने चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि भोजपुरी सुपरस्टार उनके लिए बेहद खास हैं।




कैजुअल फैशन

मेंस फैशन में कैज़ुअल पहनावा अक्सर ट्रेंड करता रहता है। क्योंकि यह बहुत सरल है और इसे अपनी शैली में ढालना आसान है। जींस या चिनोज़ जैसे बुनियादी पहनावे से शुरुआत कर, आप रोज़मर्रा के लुक के लिए टी-शर्ट और स्नीकर्स पहन सकते हैं। दोस्तों के साथ घूमने या बारबेक्यू जैसे सबसे आरामदायक आयोजनों के लिए यह आदर्श ड्रेस कोड है।

## नेचुरल हेयर स्ट्रेटनिंग के लिए बेस्ट है एलोवेरा और अरंडी का तेल

अपने चेहरे को खूबसूरत बनाने के साथ-साथ अधिकतर महिलाएं अपने बालों को भी सुन्दर, लम्बा और घना बनाने के लिए कई प्रयास करती हैं। अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से एक हैं, तो आपके लिए ये टिप्स बेस्ट हो सकती हैं। ऐसे घरेलू उपाय का इस्तेमाल कर आप अपने बालों को स्ट्रेट और सिल्की बना सकती हैं। यही नहीं इस खास हेयर मास्क की मदद से आप सफ़ेद बालों को भी कम कर सकती हैं।

### बालों के लिए एलोवेरा और अरंडी का तेल

ब्यूटी एक्सपर्ट वर्षा ने बताया कि लम्बे, घने बालों के लिए महिलाएं कई उपाय आजमाती हैं, कुछ महिलाएं, तो बाजार के महंगे प्रोडक्ट का भी इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में अगर आप भी अपने बालों को स्ट्रेट और खूबसूरत बनाना चाहती हैं, तो अब आप घर पर इस खास एलोवेरा और अरंडी के तेल से बना हेयर मास्क तैयार कर सकती हैं। इससे आपके बाल खूबसूरत बनेंगे और नेचुरल हेयर स्ट्रेटनिंग भी होगी। यह आपके बालों के लिए एक खास उपाय हो सकता है, जिसे आजमा कर आप इन्हें मजबूत और खूबसूरत बना सकती हैं।

### अरंडी से हेयर मास्क बनाने का तरीका

अपने बालों को नेचुरली स्ट्रेट और खूबसूरत बनाने के लिए आप एलोवेरा और अरंडी से हेयर मास्क बना सकती हैं। इसे बनाने के लिए आप एक कंटेनर में तजा एलोवेरा जेल निकाल लें, फिर उसमें थोड़ा अरंडी का तेल मिक्स कर दें। आप चाहें तो इस पेस्ट में नारियल का तेल भी मिक्स कर सकती हैं। अब आपका हेयर मास्क बनकर तैयार हो गया है। आप इसे अपने बालों पर लगाकर अपने बालों को खूबसूरत बना



सकती हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

इस हेयर मास्क से आपके बाल न सिर्फ स्ट्रेट दिखेंगे, बल्कि इससे बाल काले और मजबूत भी बन सकते हैं। आप इस हेयर मास्क का एक हफ्ते में केवल 2 बार इस्तेमाल कर सकती हैं। जरूरत से ज्यादा इसका इस्तेमाल करने से बालों को नुकसान पहुंच सकता है। इस हेयर मास्क को बालों पर लगाने से पहले आप अपने बालों को धो सकती हैं, उसके बाद इसका इस्तेमाल कर सकती हैं। आपको इस हेयर मास्क को बालों में 25 से 30 मिनट के लिए लगाकर रखना है। किसी भी चीज को लगाने से पहले पैच टेस्ट करें।

## लेटेस्ट डिजाइंस सूट स्टाइल कर पा सकती हैं परफेक्ट ट्रेडिशनल लुक



सूट कई खास मौकों पर पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन हैं। लेकिन, अगर आप मानसून सीजन में ट्रेडिशनल लुक चाहती हैं और भीड़ से अलग दिखना चाहती हैं, तो आप खास डिजाइन के सूट स्टाइल कर सकती हैं। मानसून सीजन में महिलाएं अक्सर इस बात को लेकर कंफ्यूज रहती हैं कि क्या पहनें। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में महिलाएं कुछ ऐसा आउटफिट स्टाइल करना चाहती हैं जिसमें वे स्टाइलिश भी दिखें और आरामदायक भी महसूस करें। अगर आप भी ऐसा ही कुछ चाहती हैं और एक परफेक्ट ट्रेडिशनल लुक पाना चाहती हैं, तो खास डिजाइन के सूट स्टाइल्स आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकते हैं। ये सूट न्यू, स्टाइलिश लुक के लिए बेस्ट हैं और इनमें आपका लुक ट्रेडिशनल नजर आएगा। लेटेस्ट डिजाइन वाले सूट मानसून में परफेक्ट ट्रेडिशनल लुक पाने के लिए बेस्ट हैं और इन्हें स्टाइल करने के बाद आपका लुक बेहद खूबसूरत नजर आएगा।



### वोवन डिजाइन कॉटन सूट

मानसून सीजन में स्टाइलिश और आरामदायक रहने के लिए आप इस तरह का वोवन डिजाइन वाला कॉटन सूट स्टाइल कर सकती हैं। जैसा कि तस्वीर में दिख रहा है, यह सूट वोवन डिजाइन और कॉटन फैब्रिक में है। साथ ही, यह राउंड नेक डिजाइन और 3/4 स्लीव्स में आता है। इस तरह का सूटमानसून सीजन में पहनने के लिए सबसे अच्छा है और इसमें आपका लुक सुंदर और सबसे अलग नजर आएगा। इस सूट के साथ अपने लुक को स्टाइलिश टच देने के लिए आप पर्ल इयररिंग्स और फुटवियर में हील्स पहन सकती हैं।

### बीड्स एंड स्टोन वर्क सूट

अगर आप ट्रेडिशनल लुक चाहती हैं या किसी फैमिली फंक्शन में शामिल हो रही हैं, तो आप मानसून सीजन में इस तरह का सूट स्टाइल कर सकती हैं। इस सूट पर बीड्स और स्टोन वर्क किया गया है, और यह खूबसूरत और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेहतरीन है। आप इस तरह का सूट कई सारे कलर ऑप्शन में खरीद कर मॉनसून सीजन में स्टाइल कर सकती हैं।

### योक डिजाइन सूट

मानसून सीजन में सिंपल और सोबर लुक पाने के लिए आप योक डिजाइन वाले सूट का चुनाव कर सकती हैं। यह सूट योक डिजाइन है और इसमें आपका लुक एकदम ट्रेडिशनल और स्टाइलिश नजर आएगा।

## सावन महीने में पहनने बेस्ट हैं ये ज्वेलरी सेट



इस साल सावन के महीने में सोलह श्रृंगार कर अपने लुक को गॉर्जियस बनाना चाहती हैं, तो आप ग्रीन साड़ी के साथ इन खूबसूरत ज्वेलरी सेट को ट्राई कर सकती हैं। सावन के महीने में अगर आप ग्रीन कलर की साड़ी या कोई आउटफिट पहनने का सोच रही हैं, तो अपने लुक को खास और गॉर्जियस बनाने के लिए आप ग्रीन कलर की एक्सेसरीज भी शामिल कर सकती हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे ग्रीन ज्वेलरी सेट बताएंगे, जिन्हें पहनकर आप अपने सावन महीने को यादगार बना सकती हैं और गॉर्जियस लुक क्रिएट कर सकती हैं।

### गोल्ड प्लेटेड ग्रीन ज्वेलरी सेट

आप भी इस साल सावन के महीने में सोलह श्रृंगार कर भगवान शिव की पूजा आराधना करने का सोच रही हैं और ऐसे में अपने लुक को गॉर्जियस बनाना चाहती हैं, तो आप ग्रीन साड़ी के साथ इस खूबसूरत गोल्ड प्लेटेड ग्रीन ज्वेलरी सेट को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के ज्वेलरी सेट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकते हैं।

### फ्लावर ग्रीन बैंगल्स

यही नहीं आप चाहें तो इस साल सावन सोमवार पर अपने लुक को खास बनाने के लिए अपने किसी भी आउटफिट या साड़ी के साथ नेकलेस शामिल कर इस खूबसूरत ग्रीन कलर के फ्लावर ग्रीन बैंगल्स शामिल कर सकती हैं। इस तरह के बैंगल्स आपके लुक को गॉर्जियस बनाने में मदद करेंगे। इस तरह के बैंगल्स न सिर्फ आपके लुक को खास बनाएंगे, बल्कि इसे पहनकर आप अपने हाथों की खूबसूरती को भी बढ़ा सकती हैं।

### एमरल्ड स्टोन नेकलेस सेट

इस साल सावन के महीने में अगर आप अपनी खूबसूरती से घर में मौजूद हर इंसान को खुश करना चाहती हैं, तो अब आप अपने साड़ी लुक के साथ इस खूबसूरत एमरल्ड स्टोन नेकलेस सेट को ट्राई कर सकती हैं। इसे आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं। इस तरह के नेकलेस को पहनकर आप अपने लुक को खास बना सकती हैं ।

## पिंपल्स हो गए हैं तो स्किन केयर में कभी न करें ऐसी गलतियां, वरना बढ़ सकती है परेशानियां



अगर पिंपल्स प्रॉब्लम की वजह से आपकी स्किन भी खराब दिखने लगती है, तो ऐसे में आप कुछ गलतियों को करने से बचे, ताकि आपकी स्किन हेल्दी रहे। इसके लिए एक्सपर्ट राय लेना जरूरी है।

चेहरे पर पिंपल्स होना आम समस्या है, लेकिन कई बार इसमें किसी भी नई चीज को लगाने से स्किन पर पिंपल्स प्रॉब्लम और ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसके लिए हम एक्सपर्ट राय के बिना चीजों का इस्तेमाल करते हैं। इसकी वजह से त्वचा पर पिंपल्स की मदद से दाग होने लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप डॉक्टर स्वाति के बताई गई बातों का ध्यान रखें।

### चेहरे को ज्यादा न धोएं

अक्सर हम यह सोचकर चेहरे को साफ करते हैं कि ऑयल और गंदगी की वजह से त्वचा पर दोबारा पिंपल्स न निकल जाएं। लेकिन हर बार स्किन को ज्यादा साफ करने से चेहरे पर से नमी गायब हो जाती है। ऐसे में आप कोशिश करें कि चेहरे को कम से कम धोएं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे नमी कम नहीं होती है। साथ ही, चेहरे पर होने वाली पिंपल्स प्रॉब्लम कम छेड़ना है।

### क्रीम का इस्तेमाल

पिंपल्स वाली स्किन पर ऑयली या हेवी क्रीम लगाने से पोर्स ब्लॉक हो सकते हैं। इससे स्किन और चिपचिपी हो जाती है और पिंपल्स प्रॉब्लम और ज्यादा बढ़ जाती है। इसलिए कोशिश करें कि किसी भी प्रोडक्ट को लगाने से पहले एक्सपर्ट की राय जरूर लें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे स्किन पर होने वाले पिंपल्स को सही होने के लिए समय मिलेगा।

### हर दिन नए प्रोडक्ट

अक्सर ऐसा होता है कि स्किन प्रॉब्लम को देखते हुए हम अपने चेहरे पर किसी और चीजों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसके लिए एक्सपर्ट की राय नहीं लेते हैं। ऐसा करना बिल्कुल गलत है।

कार्नर न्यूज

### शॉपिंग करने का सही तरीका आपको यहां मिलेगा कुछ टिप्स के साथ

## मेंस फैशन में ड्रेस खरीदने से पहले सिर्फ बजट नहीं, क्वालिटी से लेकर सबकुछ परख लीजिए

कपड़ा खरीदने से पहले अधिकतर लोगों की नजर सिर्फ प्राइज पर जाती है। अगर वह ड्रेस उनकी बजट में है तो ठीक वरना वो नहीं खरीदते हैं। शायद आप भी ऐसा ही करते होंगे! मगर शॉपिंग करने का ये तरीका सही नहीं है। हमें कपड़े की कीमत से पहले कुछ अन्य जरूरी चीजों को जानना है।

क्योंकि, कपड़ा हम हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए खरीदते हैं न कि बीमार पड़ने के लिए। सोचिए अगर आपकी ड्रेस आपके स्वास्थ्य को बिगाड़ने का काम करता है तो क्या आप उसे पहनना पसंद करेंगे? शायद ही कोई ऐसा हो जो ऐसे ड्रेस को पहनना या खरीदना पसंद करेगा।

मगर इस बात की जानकारी तभी होगी जब हम कपड़े को खरीदने से पहले जान लें। इसके लिए आपको बहुत अधिक समय नहीं देना है। ये सारी बातें मिनटों में पढ़कर समझ सकते हैं। इसलिए चलिए हम कपड़े को खरीदने से पहले चेक की जाने वाली जरूरी चीजों को जान लेते हैं-

हेल्दी लाइफस्टाइल जीने वाले कभी



भी क्वालिटी के साथ समझौता नहीं करते हैं। खासकर पहनने और खाने वाली चीजों के साथ भूलकर भी क्वालिटी को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर आप क्वालिटी पसंद शख्स हैं तो फिर आज से एमआरपी से पहले क्वालिटी चेक करें।

### ड्रेस की क्वालिटी कैसे चेक करें?

स्टाइलिश-ट्रेंडी होने के साथ-साथ कपड़ा आरामदेह होना चाहिए। ऐसी ड्रेस खरीदें जो कि आपकी त्वचा को आराम पहुंचाने का काम करें। कई लोग दुकानदार के कहने पर कपड़े को खरीद लेते हैं जबकि, यह बात हमें कपड़े पर लगे टैग पर पढ़नी चाहिए। पहले कपड़े को लेकर छूकर देखें एक बार कपड़े को उल्टा करके फैब्रिक देखें कपड़े में कॉटन और अन्य फैब्रिक के मिश्रण को जानें

ड्रेस को एक बार पहनकर चेक करे।

किसी दुकान या मॉल से कपड़े को खरीदने से पहले उसे छूकर या ट्रायल के जरिए चेक कर सकते हैं। मगर ऑनलाइन खरीदते वक्त हमें ये सुविधा नहीं मिलती है। इसलिए हमें कुछ अन्य तरीके से इन बातों को जानना पड़ेगा-

### हाथ से या मशीन वॉश?

अगर कपड़े को जल्दी खराब होने से बचाना है तो उसको धोने के तरीकों के बारे में अच्छी तरह जानना होगा। कई लोग कपड़ा खरीदते वक्त इस बात को नहीं पढ़ते हैं। इसलिए हमें अपनी जरूरत को देखकर ही ड्रेस की खरीदारी करनी चाहिए।

सोचिए, अगर कोई ड्रेस केवल मशीन वॉश के लिए है और आपके पास वॉशिंग मशीन नहीं है। इसके अलावा आपको हाथों से कपड़े धोना पसंद नहीं है, मगर आपने जो कपड़ा खरीदा है उसको सिर्फ हैंड वॉश करना है। ऐसी दोनों परिस्थितियों से बचने के लिए उसको धोने का तरीका जानकर ही खरीदें।

इसके अलावा कई ऐसी ड्रेस होती हैं जिनको खास प्रकार के डिटर्जेंट से धोना होता है। हालांकि, ऐसी ड्रेस की संख्या कम है। फिर आप एक बार कपड़े को खरीदते वक्त वॉशिंग वाली बात अच्छी तरह पढ़ लें।

### एंटी बैक्टीरियल है या...

नए दौर में नई टेक्नोलॉजी की मदद से अलग-अलग प्रकार की मेडिकेटेड ड्रेस तैयार की जा रही हैं। अब हमें हमारे बजट में एंटी बैक्टीरियल है या एंटी वायरस ड्रेस मिल रहे हैं।

